दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 159 | सीकर, शनिवार 08 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8





# संवाद बैठक में गूंजा जवाबदेही का सवाल

**संजय सोनी**

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विकसित भारत भारत मिशन 2047 के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के अधिकारियों और शहरवासियों के बीच संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व पार्षदों सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, लेकिन चर्चा का केंद्र विकास कार्यों से ज्यादा अधिकारियों की कार्यशैली और जवाबदेही पर सवाल बन गया।

**फोन नहीं उठाने पर सबसे ज्यादा नाराजगी**-बैठक में शहरवासियों ने एक स्वर में आरयूआईडीपी और नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया। बार-बार यह शिकायत सामने आई कि अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, जिससे आमजन की समस्याएं लंबित रहती हैं। लोगों ने साफ कहा कि काम कम हो या ज्यादा, लेकिन अधिकारियों की उपलब्धता और जवाबदेही सबसे जरूरी है।

**129.84 करोड़ के विकास कार्य होंगे**-जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने पंचम चरण के अंतर्गत जिले में 129.84 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कार्यों का उद्देश्य शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना और व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना है।

**व्हाट्सएप नंबर जारी करने के निर्देश**-शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने आरयूआईडीपी और नगर परिषद के समन्वय से एक व्हाट्सएप नंबर जारी करने के निर्देश दिए। इस नंबर पर प्राप्त शिकायतों का प्रतिदिन अवलोकन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया।

**कचरा नहीं उठा, फोन नहीं उठे—पार्षद प्रतिनिधि**-बैठक के दौरान पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद आदिल ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर तीखा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। ऑटो टिपर समय पर नहीं आने और कचरा नहीं उठाने की समस्या लगातार बनी हुई है, जो स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान की मंशा पर भी सवाल खड़े करती है। उन्होंने इसे बड़ी विडंबना बताते हुए कहा कि बार-बार फोन करने के बावजूद नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। ऐसे में आमजन अपनी शिकायत किससे करें, यह बड़ा सवाल बन गया है। बैठक में इस मुद्दे पर जिम्मेदारी तय करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग जोर-शोर से उठाई गई।

**अधिकारी जिम्मेदारी से बचते नजर आए**-बैठक के दौरान आरयूआईडीपी अधिकारी और नगर परिषद आयुक्त एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आए। शहरवासियों के सवालों के बीच अधिकारी स्पष्ट जवाब देने से बचते दिखे, जिस पर कलेक्टर ने सख्त लहजे में नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी शिकायतें भविष्य में नहीं आनी चाहिए।

**जलभराव और अव्यवस्थित खुदाई बनी समस्या**-हवाई पट्टी सर्कल, अग्रसेन मार्ग, बाकरा रोड और पंचदेव मंदिर क्षेत्र में जलभराव की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई। वहीं वरिष्ठ पार्षद कुलदीप पूनिया ने सुझाव दिया कि सड़क निर्माण से पहले सीवरेज, बिजली और जलदाय विभाग के बीच समन्वय कर एक साथ खुदाई कर अंडरग्राउंड लाइन डाली जाए, ताकि बार-बार सड़कों को तोड़ने की समस्या खत्म हो सके। कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने इस सुझाव का स्वागत करते हुए अधिकारियों को बेहतर समन्वय और पूर्व योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

**काम की कम शिकायत, ज्यादा व्यवस्था पर सवाल**-बैठक में विकास कार्यों की शिकायतें अपेक्षाकृत कम रहीं, जबकि अधिकारियों के फोन नहीं उठाने, कचरा नहीं उठने और जवाबदेही की कमी को लेकर ज्यादा नाराजगी देखने को मिली। शहरवासियों ने साफ कहा कि जब तक अधिकारी उपलब्ध नहीं होंगे और जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक किसी भी योजना का लाभ जमीन पर नजर नहीं आएगा।

# संसद में विपक्ष का प्रदर्शन
## दोनों सदन सोमवार तक स्थगित



- लोकसभा से एमएसएमई संशोधन बिल पास
- कांग्रेस का सभी सांसदों को सदन में रहने का निर्देश

नई दिल्ली।

विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को भी संसद परिसर में तेज बारिश के बीच राम मंदिर चढ़ावा चोरी और जंतर-मंतर प्रदर्शन में छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) एमएसएमई विधेयक 2026 ध्वनिमत से पास हुआ। दोनों सदन सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने 'अमित शाह सदन में आओ' के नारे लगाए। इस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि शाह सुबह से रात तक संसद में ही रहते हैं। उन्होंने लोकसभा में कहा कि अमित शाह का नाम सुनते ही आतंकी कांप उठते हैं। इसी बीच कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को 10 से 12 अगस्त तक संसद में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

### कांग्रेस ने सांसदों को व्हिप जारी किया, 10 से 12 अगस्त तक सदन में रहने के निर्देश

कांग्रेस ने लोकसभा और राज्यसभा के अपने सभी सांसदों को 10, 11 और 12 अगस्त को सदन में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। पार्टी ने कहा है कि इन दिनों संसद में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी, इसलिए सभी सांसदों की उपस्थिति जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों से भी अपने सांसदों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह संसद में एफसीआरए संशोधन विधेयक और परिसीमन से जुड़े अहम प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है।

# पीएम की एनडीए के 45 नए सांसदों के साथ बैठक
## इनमें टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसद भी थे

पीएम मोदी ने एनडीए के 45 नए लोकसभा सांसदों के साथ शुक्रवार को पीएम आवास पर ब्रेकफास्ट मीटिंग की। इनमें टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसद भी थे। ममता की पार्टी टीएमसी का साथ छोड़कर 20 बागी सांसद नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हो गए थे।

वहीं शिवसेना (उद्धव गुट) के 6 सासंद भी शिंदे गुट के साथ आ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम ने इन सांसदों से कहा कि एनडीए एक परिवार है। हम सहयोगी दलों के साथ हैं। हर व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा। मैं एनडीए के हर सांसद के साथ खड़ा हूं। आपको किसी के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### पीएम की सांसदों को 5 सलाह, कहा- तैयारी के साथ बहस करें

- संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां चर्चा होनी चाहिए और कार्यवाही सुचारु रूप से चलनी चाहिए।
- लगातार हंगामे की वजह से नए सांसदों को बोलने का मौका नहीं मिल रहा, जो उनके साथ अन्याय है।
- नए सांसद इतिहास को पढ़ें, तैयारी के साथ बहस करें और अपने राज्य व क्षेत्र के विकास पर ध्यान दें।
- सांसदों से कहा कि अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क करें।
- गरीबों, मजदूरों और किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं समझें और उनके समाधान के लिए काम करें।

### मानसून सत्र में बागी सांसदों की अलग सिटिंग व्यवस्था

- ममता बनर्जी का साथ छोड़ने वाले टीएमसी के 20 बागी सांसद लोकसभा में अलग बैठ रहे हैं। 15 जून को तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया से विलय कर लिया था।
- वहीं 22 जून को उद्धव का साथ छोड़कर 6 सांसद शिंदे गुट में शामिल हो गए थे। ये सांसद भी अब शिंदे गुट के साथ संसद में बैठ रहें हैं।
- संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हुआ था जो 13 अगस्त तक चलेगा।

# देवर ने किया भाभी और भतीजी पर हमला : वारदात के बाद आरोपी ने की आत्महत्या

**नवरतन वर्मा**

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ थाना इलाके के वार्ड 21 में उस वक्त सनसनी फैल गयी जब चाचा ने अपनी ही भतीजी और भाभी पर कुल्हाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और वारदात के बाद खुद ने घर पर ही फांसी का फंदा लगा खुदकुशी कर ली। सूचना पर रतनगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। थाने के एएसआई हेमराज ने बताया वार्ड 21 में झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे तब तक लोगों ने 17 वर्षीय भतीजी और 34 वर्षीय भाभी को लहूलूहान हालत में रतनगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद माँ, बेटी को हायर सेंटर रैफर कर दिया और मौका मुआयना करने घर पहुंचे तो आरोपी देवर का शव कमरें मे लगाएं फंदे से झूलता मिला, वारदात के बाद हर कोई स्तब्ध और हैरान है।

### विवाद के बाद उठाया कदम

एएसआई हेमराज ने बताया वारदात की वजह प्रथम दृष्टया पारिवारिक विवाद माना जा रहा है, जहाँ विवाद के बाद 34 वर्षीय आरोपी देवर विनोद ने भाभी और भतीजी पर कुल्हाड़ी से हमला किया और दोनों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद खुदकुशी जैसा खौफनाक कदम उठाया।

### पति रहता है विदेश


पुलिस ने बताया वारदात में घायल पीड़िता का पति विदेश रहता है और घर में पीड़िता और उसके तीन बच्चे, सास और देवर रहता था। पुलिस ने बताया आरोपी देवर अविवाहित था विवाद किस बात को लेकर था यह जाँच में सामने आएगा।




# बिट्स में दाखिला करवाने के नाम पर लाखों की ठगी

**पिलानी ( नवयत्न )।** बिट्स पिलानी में दाखिला करवाने के नाम पर दो अलग अलग लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने अभिभावकों की शिकायतों पर अलग अलग एफआईआर दर्ज की है। थानाधिकारी अलका बिश्नोई ने बताया कि इंदौर, मध्यप्रदेश निवासी अमित गावशिंदे ने मामला दर्ज करवाया है कि उस के बेटे प्रणव ने बिट्स प्रवेश परीक्षा दी थी मगर सफलता नहीं मिली। इसी दौरान कबीर सिंह नामक व्यक्ति ने फोन पर सम्पर्क कर बिट्स में दाखिला करवाने की गारंटी देते हुए बदले में सत्रह लाख रुपयों की मांग की। थानाधिकारी ने बताया कि अभिभावक ने आरोपी कबीर के कहे अनुसार दो लाख रूपये ऑन लाईन तथा 15 लाख नगद पिलानी में सौंप दिए। आरोप है कि परिजन जब कबीर के द्वारा दिए गए दाखिले के दस्तावेज लेकर बिट्स एडमिशन ऑफिस पहुंचे तो बिट्स प्रशासन ने लेटर कुटरचित एवं फर्जी होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमित गावशिंदे ने कबीर सिंह, तानिया एवं सुमित वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी ने बताया कि दिल्ली के रोहिणी नगर निवासी नितिन मित्तल ने भी इसी प्रकार रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उस के बेटे का दाखिला बिट्स में करवाने के अखिलेश चौधरी नामक व्यक्ति ने उस के परिवार से सम्पर्क कर खुद की कंसल्टेंसी फर्म बताते हुए सात लाख रूपयों में बिट्स में प्रवेश दिलवाने का प्रस्ताव रखा। दोनों पक्षों में सहमती होने पर नितिन मित्तल ने अखिलेश चौधरी के बताए अनुसार राशि का भुगतान कर दिया। बदले में अखिलेश चौधरी तथा उस की टीम ने नितिन को बिट्स की ईमेल से प्रवेश होने की जानकारी दे दी।

## नवयत्न कोबरी-सार




# पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा ने अस्पताल का विडियो शेयर कर लिखा : जनता की जान से खिलवाड़...
## लेकिन एमसीएच विंग कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही पुराने भवन में यहां शिफ्ट की गई थी

**निसं**

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय फतेहपुरिया मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का जब तीन चार साल पहले उद्घाटन किया गया था, उसी वक्त यह विवादों में आ गया था। क्योंकि इसे ट्रोमा सेंटर की जर्जर हो चुकी बिल्डिंग में मरम्मत करने के बाद शिफ्ट किया गया था। उसी वक्त लोग ये सवाल उठाने लगे थे कि क्या केवल मरम्मत के भरोसे रहकर यहां पर एमसीएच (मदर चाइल्ड हेल्थ) विंग को शिफ्ट किया जाना जायज है या नहीं।

लेकिन उस वक्त मात्र एक अधिकारी ने प्रोपगेंडा फैलाकर इसे यहां पर शिफ्ट करवाया। इसका एक कारण यह भी बताया गया कि राजकीय बगड़िया अस्पताल में जगह की कमी है, जो कुछ हद तक सही है। बाकी पूरी सच्चाई इसे भी जनता नहीं मानती। लेकिन अब जब हाल ही में राजकीय फतेहपुरिया एमसीएच विंग के बरामदे की सिलिंग टूटकर एक महिला के सिर पर गिरी है, तो यह मामला अब राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर कांग्रेस के आला नेता सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये सरकार पर निशाना साध रहे हैं। हालांकि यह अलग बात है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही इसे यहां पर शिफ्ट किया गया था। छत की सीलिंग गिरने को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा है कि स्कूल हो या अस्पताल, भाजपा सरकार में हर जगह यही हाल . . . जर्जर भवन, बदहाल व्यवस्था और जनता की जान से खिलवाड़। राजस्थान में कभी स्कूल की छत गिरती है तो कभी अस्पताल के भवनों का प्लास्टर मरीजों पर टूटकर गिरता है। चूरू में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंची महिला डॉक्टर तक भी नहीं पहुंच पाई कि छत का प्लास्टर उसके ऊपर आ गिरा। ईश्वर से घायल महिला के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। आगे डोटासरा ने लिखा कि ये सिर्फ हादसा नहीं भाजपा सरकार में पनपे भ्रष्टाचार, लापरवाही और बदहाल व्यवस्थाओं का सच है। जनता इलाज कराने जाए या बच्चे स्कूल पढ़ने जाए, हर जगह जान का खतरा बना हुआ है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में केवल प्रचार, कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार दिखाई देता है। इसी प्रकार चूरू जिले के सांसद राहुल कस्वां ने भी राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा है कि - लापरवाही की हदें पार, फिर भी सोई है सरकार! सुजानगढ़ (चूरू) स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल के मुख्य द्वार का बरामदा गिरने से एक महिला घायल हो गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। प्रदेश में हजारों स्कूली भवनों सहित अनेक सरकारी इमारतें गंभीर रूप से जर्जर अवस्था में हैं, लगातार हादसे होते जा रहे हैं लेकिन सरकार अभी भी गहरी नींद में है। सरकारी भवनों की मरम्मत हेतु बजट स्वीकृति की फाइलें 2 सालों से लम्बित पड़ी है। विकास के नये काम करवाना तो दूर, बनी हुई व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर को संभालने में भी प्रदेश भाजपा सरकार बिल्कुल विफल है। एमसीएच विंग के प्रभारी डॉ बंशीधर बलाई ने बताया कि कई बार इस बारे में पीएमओ को लिखा जाकर मरम्मत करवाने के लिए आग्रह किया गया, लेकिन मरम्मत समय पर नहीं करवाई गई। दूसरी ओर राजकीय बगड़िया अस्पताल के पीएमओ डॉ पुरूषोतम करवा का भी पक्ष मीडिया के सामने आया है। पीएमओ डॉ पुरूषोतम करवा ने बताया कि 4 अगस्त व 8 अगस्त 2026 को इस बारे में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखकर एमसीएच विंग के मरम्मतीकरण कार्य के लिए अलग-अलग एस्टीमेट विस्तृत रूप से मांगे गये हैं ताकि मरम्मत कार्य करवाया जा सके। इसमें सब प्रकार की मरम्मत और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के बारे में भी कहा गया है। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि अधिकारी केवल लेटरबाजी में ही अपनी कुर्सी बचा लेते हैं। लेकिन समय पर मरममत होती, तो ये हादसा न होता। फिलहाल ये जांच का विषय है कि जब छत की सीलिंग गिरी, तभी पीडबल्यूडी से एस्टीमेट क्यों मांगे गए, इससे पहले भी तो तकनीमा बनवाकर मरम्मत कार्य करवाया जा सकता था।





### मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की उठी मांग

दूसरी ओर मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग भी उठी है। भाजपा नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो विजय चौहान ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ स्थित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र में हाल ही में सीलिंग गिरने की गंभीर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा सुजानगढ़ में शीघ्र ट्रॉमा सेंटर शुरू करने की मांग की है। विजय ने बताया कि दिनांक 5 अगस्त को एमसीएच भवन की सीलिंग गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने कहा कि भवन की जर्जर स्थिति के संबंध में पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से भाजपा पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया था लेकिन समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। यदि घटना के समय वहां अधिक संख्या में मरीज या परिजन मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा भवन का फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारियों एवं संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार



सुजानगढ़ क्षेत्र में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के मध्यनजर सुजानगढ़ में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना किए जाने की मांग भी विजय चौहान ने की है।

# सीवरेज व वेस्टेज वाटर ड्रेनेज सिस्टम के लिए 3.34 करोड़ की स्वीकृति

## जल प्रबंधन को मिलेगी नई गति

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगरपालिका क्षेत्र में सीवरेज एवं वेस्टेज वाटर ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने 3 करोड़ 34 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के शुरू होने से शहर में अपशिष्ट जल प्रबंधन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा वर्षों से जल निकासी से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत इस राशि से नगरपालिका क्षेत्र में आधुनिक सीवरेज एवं ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता में शामिल है। बेहतर जल निकासी व्यवस्था से न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शहर के विभिन्न वार्डों में अपशिष्ट जल के सुव्यवस्थित निकास की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार शहरों के सुनियोजित विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में खेतड़ी नगरपालिका क्षेत्र के लिए यह स्वीकृति एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास जताया कि परियोजना के पूरा होने से शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होगी और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। नगरपालिका क्षेत्र के लोगों ने इस स्वीकृति पर खुशी जताते हुए राज्य सरकार एवं विधायक का आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से प्रभावी सीवरेज एवं ड्रेनेज सिस्टम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब इस परियोजना के शुरू होने से जलभराव, गंदे पानी की निकासी और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है।

# खेल मैदान निर्माण में अनियमितता को लेकर युवाओं में आक्रोश

## गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए ग्रामीणों ने विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के गांव चिरानी स्थित राजकीय स्कूल के खेल मैदान में चल रहे निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने रामनिवास लादी के नेतृत्व में विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि विद्यालय के खेल मैदान में ट्रैक निर्माण के लिए विधायक कोष से 12 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभी गुणवत्ता की जांच नहीं करवाई गई तो भविष्य में खेल मैदान उपयोग के योग्य नहीं रहेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब गांव के युवा और स्थानीय लोग निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा तकनीकी मानकों के संबंध में जानकारी लेने के लिए ठेकेदार और सरपंच से संपर्क करते हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। इससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। ज्ञापन में मांग की गई है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच करवाई जाए, गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच हो तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई और निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया तो वे निर्माण कार्य रुकवाकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस मौके पर रामनिवास लादी, दीपक फौजी, संदीप कुमार, पंकज, अनिल, अजीत, शेर सिंह, संदीप लादी, अजय कुमार, रामनरेश, राजेंद्र बिवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# स्वयंसिद्धा-राखी तीज मेला आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लघु उद्योग भारती की जगतपुरा महिला इकाई की ओर से महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से दो दिवसीय स्वयंसिद्धा-राखी तीज मेला 2026 का आयोजन 8 और 9 अगस्त को किया जाएगा। स्वयंसिद्धा ऑन व्हील्स थीम पर आयोजित इस मेले में महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। आयोजकों के अनुसार मेले का शुभारंभ 8 अगस्त को होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम की पूर्व महापौर डॉ सौम्या गुर्जर होंगी। मेला प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक फूड लेन, वर्ल्ड ट्रेड पार्क के सामने, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में हस्तशिल्प, फैशन, ज्वेलरी, राखियां, होम डेकोर, गिफ्ट आइटम्स तथा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के लिए मंच उपलब्ध कराना तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है।

# पीड़ितों की आवाज बना अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन आज देश के उन प्रमुख सामाजिक संगठनों में अपनी पहचान बना चुका है, जो बिना किसी भेदभाव के पीड़ित, शोषित, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने और उनकी हरसंभव सहायता करने के लिए निरंतर कार्यरत है। संगठन का मूल उद्देश्य मानव अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय की स्थापना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह के नेतृत्व तथा वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता बृजेश पाठक के सहयोग से संगठन ने उल्लेखनीय विस्तार प्राप्त किया है। आज संगठन का मजबूत नेटवर्क देश के 24 राज्यों तक पहुँच चुका है और लाखों सदस्य समाजसेवा, मानव अधिकार संरक्षण तथा पीड़ितों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। संगठन का प्रत्येक सदस्य मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पीड़ितों की समस्याओं के समाधान, प्रशासन से समन्वय स्थापित करने, सामाजिक जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुँचाने का कार्य करता है। यही कारण है कि संगठन ने कम समय में देशभर में अपनी एक सशक्त और विश्वसनीय पहचान स्थापित की है। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन में उन समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने पूरे वर्ष सेवा, न्याय और मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। यह सम्मान कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ समाजसेवा के प्रति नई ऊर्जा प्रदान करता है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी संगठन लगातार प्रभावी भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग चमन कंवर ने जमीनी स्तर पर महिलाओं से जुड़े अनेक मामलों में सक्रिय हस्तक्षेप करते हुए पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का कार्य किया है। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उत्पीड़न से संबंधित परिवादों के प्रभावी निष्पादन तथा नारी सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयासों ने संगठन को नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में महिला विंग देशभर में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत है। संगठन का मुख्य कार्यालय सिरसी रोड, जयपुर स्थित है जहाँ प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों एवं प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाता है। संगठन की कार्यशैली पारदर्शिता, सेवा, संवेदनशीलता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन भविष्य में भी मानव अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता तथा राष्ट्रहित के कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

संगठन का संकल्प है कि समाज के प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति तक न्याय और सम्मान के साथ सहायता पहुँचाई जाए तथा सेवा और मानवता का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहे।

# महिला सुरक्षा एवं बाल अपराध रोकथाम अभियान कार्यक्रम आयोजित

निसं




**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ के सभागार में राजस्थान पुलिस व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में नीमकाथाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश मीणा के मुख्य आतिथ्य व अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक प्रेम बहादुर निर्भय की अध्यक्षता में राजस्थान पुलिस का महिला सुरक्षा एवं बाल अपराध रोकथाम अभियान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एएसपी मीणा ने कहा कि पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर है किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में महिलाएं बिना किसी संकोच के पुलिस से सीधा संपर्क करें। अजीतगढ़ डीवाईएसपी निर्भय ने महिलाओं की सुरक्षा को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुये नागरिकों से कानून के प्रति जागरूक रहने और समय पर पुलिस का सहयोग लेने का आह्वान किया। अजीतगढ़ थानाधिकारी विजय सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, गाइडलाइन, पोक्सो एक्ट, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन हेल्पलाइन 112 तथा वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली सुरक्षा सखी व सीएलजी सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में श्रीमाधोपुर थानाधिकारी दिनेश मीणा, थोई थानाधिकारी नेकीराम चौधरी, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा, ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा, उप संरक्षक सदस्य विजय यादव, पवन टांक, स्काउट सचिव रामवतार शर्मा, डॉ कैलाश चंद शर्मा, डॉ रफत शमीमा, सरोज पूनियां, सिद्धिका सोनी, महेश दीवान, मूल शंकर शर्मा (गोठवाल), डॉ कमलेश कांवर, मनीष मीणा, धर्मा सैन, राजेश शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुरक्षा सखी, राजीविका, महिला बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग, सीएलजी, पुलिस मित्र, रेडक्रॉस सोसायटी, सामाजिक संगठन, छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन शंकरलाल शर्मा ने बखूबी किया।

# ज्ञापन : कक्कू पुलिस चौकी पर स्टाफ नियुक्ति की मांग



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा उपखण्ड के पाँचू थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कक्कू पुलिस चौकी पर लंबे समय से पुलिस स्टाफ नहीं होने के कारण चौकी बंद पड़ी है। इसे पुनः सुचारू रूप से संचालित करने एवं आवश्यक पुलिस स्टाफ की नियुक्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य हिम्मताराम राहड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नोखा उपखण्ड अधिकारी निधि उड़सरिया को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिला महासचिव मुरली गोदारा ने बताया कि पाँचू थाना क्षेत्र का भौगोलिक दायरा काफी विस्तृत होने के कारण आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कुछ वर्ष पूर्व कक्कू में पुलिस चौकी स्थापित की गई थी लेकिन लंबे समय से पुलिस कर्मियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण चौकी बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दो दिन पूर्व साधुना के पास बैंक की कैश वैन से लूट की घटना हुई, जो कक्कू पुलिस चौकी से मात्र लगभग नौ किलोमीटर की दूरी पर है। इसके अलावा क्षेत्र में समय-समय पर चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाएं भी होती रहती हैं। यदि पुलिस चौकी नियमित रूप से संचालित रहे तो ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। ज्ञापन में बताया गया कि कक्कू पुलिस चौकी पर एक सहायक उपनिरीक्षक एवं चार कांस्टेबलों के पद स्वीकृत हैं लेकिन वर्तमान में स्टाफ के अभाव में चौकी बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने मांग की कि स्वीकृत पदों पर शीघ्र नियुक्तियां कर चौकी को तत्काल प्रभाव से पुनः चालू किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिल सके। इस दौरान पूर्व सरपंच ईश्वरराम मेघवाल, एडवोकेट लेखराम चौहान, लिच्छूराम सारण, धर्माराम राहड़, बनवारी गोदारा, दुलाराम गोदारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विश्व आदिवासी समारोह कल



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कालिका माता धाम अमरसर स्थित मीणा धर्मशाला में रविवार 9 अगस्त को आयोजित होने वाले मीणा आदिवासी जिला समारोह को लेकर आदिवासी मीणा सेवा समिति ने पूरी तैयारियां कर ली है। समिति अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने पिछले दिनों समाज बंधुओं को अलग-अलग कार्यों की अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी थी जिनके हिसाब से सबने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का विधिवत निर्वहन किया है। आयोजन समिति के अनुसार रविवार को गांव ढ़ाणियों के मीणा समाज के लोग डीजे, झांकियों, जत्थों एवं संघों के रुप में कालिका माता धाम पहुंचेंगे जहां उनका भव्य स्वागत, अभिनन्दन, सम्मान किया जाएगा। समारोह के दौरान पुरखों की विरासत के संरक्षण एवं संवर्द्धन विषय पर संगोष्ठी होगी, समाज के प्रबुद्धजनों, वृद्धजनों का सम्मान समारोह होगा एवं मीणा धर्मशाला के जीर्णोद्धार पर चर्चा परिचर्चा होगी। समारोह व्यवस्था के लिए 11 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग करके जगदीश प्रसाद मीणा ने अनुकरणीय पहल की वहीं अध्यक्ष मीणा समाज शाहपुरा राम अवतार मीणा ने वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह के जरुरी सामान एवं जरुरी सामग्री की जिम्मेदारी ली। विनोद पीटीआई ने समारोह में अल्पाहार का जिम्मा उठाया वहीं सूरजमल मीणा ने आगंतुकों के लिए भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। ज्ञानप्रकाश झरवाल एवं प्रकाश मीणा अजीतगढ़ ने पोस्टर, बैनर एवं प्रिंटिंग सामग्री की व्यवस्था की जिम्मेदारी ली।

# लायंस क्लब ने लगाए पौधे



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** प्रकृति को बचाने की मुहीम में लायंस क्लब भी अपनी भागीदारी निभाते हुए शुक्रवार को श्रीराम नंदी गौशाला में 31 पौधे लगाकर अपना सहयोग दिया। इस मौके पर क्लब के सीताराम सैनी, अनिल कुमार मारवाल, विनेश कुमार सैनी, ललित कुमार सैनी, बलदेव सैनी, बाबूलाल कटारिया, श्रीराम कुमावत और सतीश कुमावत इत्यादि लोग मौजूद रहे। सभी ने उनकी देखभाल कर सुरक्षित बड़ा होने तक का जिम्मा दिलाया।

# वेद संगोष्ठी व सत्यवीर सिंह का दीक्षा संस्कार कल

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वैदिक आश्रम पिपराली में राष्ट्र रक्षा एवं राष्ट्र समृद्धि विषय पर वेद संगोष्ठी 9 अगस्त को होगी। इसमें वक्तागण वेदों पर अपने विचार रखेंगे। यह जानकारी आश्रम के स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व सांसद ने शुक्रवार को पत्रकारों को सर्किट हाउस में दी। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस के दिन ही आश्रम में सत्यवीर सिंह का सन्यास दीक्षा संस्कार भी होगा। वेद संगोष्ठी में मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा होंगे व अध्यक्षता स्वामी सुमेधानंद सरस्वती करेंगे। संगोष्ठी में वक्ता के रूप में दिल्ली जेएनयू के प्रो. सुधीर कुमार, राजकीय महाविद्यालय सिरोही के प्रो. रामनारायण शास्त्री व फतेहपुर के आचार्य रामगोपाल शास्त्री मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि वेद संगोष्ठी के प्रारंभ में सुबह सवा 8 बजे से सवा 10 बजे तक यज्ञ एवं सन्यास दीक्षा संस्कार होगा। इसके बाद सुबह सवा 10 बजे से दोपहर सवा 12 बजे तक वेद संगोष्ठी, सत्संग व आशीर्वाद होगा। दोपहर सवा 12 बजे से प्रसाद होगा। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने बताया कि 1 अक्टूबर को वे जीवन के 75 वर्ष पूर्ण करेंगे। इस दिन वेदों पर प्रवचन होगा। बताया कि आश्रम में 19 जुलाई से चारों वेदों पर आधारित 75 दिनों तक वेद यज्ञ किया जा रहा है। चारों वेदों पर आधारित यह पहला यज्ञ हो रहा है जिसकी पूर्णाहूति भी 1 अक्टूबर को 75 कुंडों पर की जाएगी। इसमें सभी वर्गों के प्रतिनिधि बैठकर आहुति देंगे। इसके पहले 30 सितंबर को भजन संध्या होगी। उन्होंने बताया कि उनके जन्म दिवस पर पर्यावरण संरक्षण, धर्म, आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक चेतना का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# भामाशाह ने बच्चों को दी निःशुल्क स्टेशनरी, लगाए पौधे

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुलड़ा का टीबा अरनियां में वृक्षारोपण समारोह आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में संकुल प्रभारी विजयेन्द्र कुमार शर्मा और सेवानिवृत्त शिक्षक रामदयाल सैनी के सानिध्य में 21 से ज्यादा पेड़ बालिकाओं के द्वारा विद्यालय के खेल मैदान में लगाए गए। भामाशाह विजयेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य के द्वारा विद्यालय के संपूर्ण बच्चों को 31सौ रुपए की स्टेशनरी दी। इस शुभ अवसर पर प्रधानाध्यापक महेंद्र शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस समारोह में अध्यापक श्रवण कुमार, रामानंद शर्मा, मनीषा यादव, मनीष प्रजापत, सोनू, श्रवण गुर्जर उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के बाद में विद्यार्थियों ने उनकी देखभाल करने का प्रतिज्ञा की और एक पेड़ मां के नाम अपने घर पर भी लगाने का संकल्प लिया।



# विश्व स्तनपान सप्ताह : स्वस्थ बचपन की नींव है मॉ का दूध

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में जनजागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। सभी चिकित्सा संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशा, एएनएम और यशोदा धात्री माताओं को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने तथा पहले छह माह तक केवल मॉ का दूध पिलाने के लिए प्रेरित कर रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मॉ का पहला गाढ़ा पीला दूध कोलोस्ट्रम नवजातत के लिए अमृत होता है, जो उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ कुपोषण एवं संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि स्तनपान को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर में भी प्रभावी कमी लाई जा सकती हैं। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि मॉ के दूध में प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज, एंजाइम एवं अन्य आवश्यक पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं, जो शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। छह माह बाद दो वर्ष अथवा इससे अधिक समय तक स्तनपान के साथ पुरक आहार देना चाहिए। सप्ताह के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकों, परामर्श सत्रों और प्रचार प्रसार गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान के अधिकारों, लाभ, सही तरीके की जानकारी दी गई। प्रसूति वार्ड में यशोदा माताओं को नवजात को सही तरीके से स्तनपान कराने की व्यवहारिक जानकारी दी।

## नर्सिंग कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता

इधर राजकीय श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ अशोक कुमार के निर्देशन में शिशु विभाग द्वारा सरकारी जनाना अस्पताल, राजकीय नर्सिंग कॉलेज में पोस्टर, रंगोली, क्वीज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्तनपान इकाई में कार्यरत काउंसलर मनीषा पूनिया ने बताया कि सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को नर्सिंग कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से स्तनपान के लाभ तथा स्तनपान के सही और सटीक तरीके, शिशु के स्तनपान अधिकारों को केनवास पर उकेरा। वहीं शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ हरिश पूनिया व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विवके अठवानी ने स्तनपान के सही तौर तरीकों के बारे में जानकारी दी।

# बुजुर्ग की हुई सफल री-रिवीजन नी ट्रांसप्लांट: छह महीने बाद हुआ पैरों पर खड़ा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर स्थित एपेक्स हॉस्पिटल में 70 वर्षीय बुजुर्ग के घुटने का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर चिकित्सकों ने मरीज को दर्द रहित जीवन देने में सफलता हासिल की है। मरीज का इलाज सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ संदीप गर्ग के निर्देशन में किया गया। इससे पहले मरीज के दो बार घुटना प्रत्यारोपण असफल हो चुके थे और वे पिछले 6 महीने से बिस्तर पर थे। परिजनों ने बताया कि कई जगह इलाज कराया लेकिन कहीं से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद डॉ संदीप गर्ग ने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण जोखिम था लेकिन हॉस्पिटल में अत्याधुनिक नवीन तकनीक से लबरेज उपकरण एवं एक्सपर्ट चिकित्सको की टीम ने सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। डॉक्टरों की टीम ने मरीज का री-रिवीजन टोटल नी रिप्लेसमेंट किया। साथ ही घुटने की फटी मांसपेशियों की मरम्मत के लिए वी-वाई प्लास्टी तकनीक से मसल रिपेयर भी किया गया। ऑपरेशन सफल रहा और अब मरीज बिना सहारे चल-फिर पा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने इसे जटिल मामलों में नई उम्मीद बताया।

# 129 करोड़ से बदलेंगे जिले के पांच शहरों के हालात

## जलभराव और गंदे पानी की निकासी पर रहेगा फोकस

### झुंझुनूं, चिड़ावा, नवलगढ़, मंडावा और खेतड़ी में होंगे काम, आरयूआईडीपी संवाद में शहरवासियों से लिए सुझाव

अशोक राईका

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** आरयूआईडीपी के पंचम चरण में झुंझुनूं जिले के पांच शहरों में 129.84 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इनमें झुंझुनूं, चिड़ावा, नवलगढ़, मंडावा और खेतड़ी शामिल हैं। परियोजना में सबसे ज्यादा जोर गंदे पानी की निकासी, सीवरेज, बरसाती पानी की निकासी और जलभराव की समस्या दूर करने पर रहेगा। परियोजनाओं को अंतिम रूप देने से पहले शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'आरयूआईडीपी संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, अधिकारियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया प्रतिनिधियों और अन्य लोगों से सुझाव लिए गए। परियोजना के तहत कुल 129.84 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें 115.39 करोड़ रुपए अपशिष्ट जल प्रबंधन, 6.02 करोड़ रुपए बाढ़ प्रबंधन और ड्रेनेज तथा 8.43 करोड़ रुपए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर एवं विरासत संरक्षण से जुड़े कार्यों पर खर्च किए जाएंगे।

#### सुझावों के आधार पर बनेगी कार्ययोजना

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि संवाद कार्यक्रम में शहरवासियों से विकास कार्यों को लेकर सुझाव लिए गए हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी और जल्द काम शुरू करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना में गंदे पानी की निकासी, बरसाती पानी की निकासी, सीवरेज, पेयजल और हेरिटेज टूरिज्म से जुड़े काम होंगे। जिन क्षेत्रों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या रहती है, वहां ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

#### जलभराव की समस्या होगी कम

आरयूआईडीपी के अधिशासी अभियंता देवेंद्र सैनी ने बताया कि पंचम चरण में अपशिष्ट जल प्रबंधन, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम और बाढ़ प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है। इन कार्यों के बाद शहरों में पानी की निकासी बेहतर होगी और बारिश के दौरान जलभराव की समस्या कम होगी। उन्होंने बताया कि संवाद का उद्देश्य स्थानीय लोगों की जरूरत और सुझावों को योजना में शामिल करना है, ताकि विकास कार्य अधिक उपयोगी साबित हो सकें।




#### राजस्थान के 84 शहरों में 9500 करोड़ के काम

आरयूआईडीपी का पंचम चरण राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के 84 शहरी निकायों में करीब 9,500 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। परियोजना के माध्यम से शहरों में बेहतर जल निकासी, आधुनिक सुविधाएं, विरासत संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल विकास पर काम किया जाएगा।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण की मांग को लेकर 9 अगस्त को जयपुर जाएंगे विप्रबंधु

### झुंझुनूं से सैकड़ों समाजबंधु स्वर्ण पंचायत में होंगे शामिल



सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने और ईडब्ल्यूएस आयोग के गठन की मांग को लेकर 9 अगस्त को जयपुर में स्वर्ण पंचायत का आयोजन होगा। इसमें झुंझुनूं जिले से बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग शामिल होंगे। इस संबंध में पुराना बस स्टैंड स्थित जोशी भवन में विप्र फाउंडेशन की बैठक संरक्षक एडवोकेट सुशील कुमार जोशी की अध्यक्षता में हुई। जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि जिला अध्यक्ष कमलकांत शर्मा के नेतृत्व में जिले से सैकड़ों समाजबंधु 9 अगस्त को जयपुर रवाना होंगे। स्वर्ण पंचायत का आयोजन जयपुर-अजमेर रोड स्थित सूर्य सिटी मैदान में सुबह 11 बजे होगा।

बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि ईडब्ल्यूएस के अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर जिले में समाज की ओर से आंदोलन शुरू किया गया था। इस संबंध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भी भेजा जा चुका है। जिला संयोजक ने बताया कि जयपुर की स्वर्ण पंचायत में ब्राह्मण, राजपूत, वैश्य सहित विभिन्न सवर्ण समाजों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यहां ईडब्ल्यूएस के अधिकारों, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और आगे के आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, कोषाध्यक्ष राकेश सहल, जिला मंत्री एडवोकेट नीरज शर्मा, रमेश चौमाल, श्यामसुंदर शर्मा, एडवोकेट रवि शुक्ला, सुरेंद्र जोशी, अनिल जोशी, अमित पांडेय सहित कई पदाधिकारी और समाजबंधु मौजूद रहे।

## होम्योपैथिक शिविर में 175 मरीजों की जांच, निशुल्क दवाइयां दी

निलेश मुद्गल

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनूं की ओर से छावनी बाजार स्थित आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय परिसर में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर स्व. केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में 175 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क होम्योपैथिक दवाइयां दी गईं। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें बीमारी के अनुसार परामर्श दिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराना था।



कार्यक्रम में रामाकांत हलवाई, शिव प्रसाद मोदी, डॉ. एसएन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, रमेश कुमार अग्रवाल, आरती मुंड, सुधा पूनिया, शालिनी अग्रवाल, महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, सुभाषचंद्र, डॉ. मूलसिंह, सहायक प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, चंद्रप्रकाश जालान, पवन कुमार खेतान और महेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता सतीश गजराज बने प्रदेश प्रवक्ता, कार्यकर्ताओं में उत्साह

### प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर कैलाश चौधरी ने दी नई जिम्मेदारी, जिलेभर में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

मधु दहिया



**बुहाना (नवयत्न)।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने झुंझुनूं के भाजपा नेता सतीश गजराज को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी है। भाजपा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने सतीश गजराज का प्रदेश प्रवक्ता पद पर मनोनयन किया। सतीश गजराज इससे पहले भाजपा युवा मोर्चा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। वे जिला परिषद सदस्य भी हैं। संगठन में लंबे समय से सक्रिय सतीश गजराज को विभिन्न अभियानों में उनके कार्य और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी दी गई है।

#### संगठन के कई अभियानों में निभाई जिम्मेदारी

सतीश गजराज ने सांसद खेल महोत्सव में अजमेर संभाग प्रभारी और संगठन सृजन अभियान में बीकानेर संभाग सह-प्रभारी सहित संगठन के विभिन्न अभियानों में जिम्मेदारी निभाई है। पार्टी नेताओं के अनुसार, इन अभियानों में उनके कार्य और संगठन के प्रति सक्रियता को देखते हुए उन्हें प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है।

#### जिलेभर में कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

सतीश गजराज को प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने की खबर के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। कई जगह आतिशबाजी कर प्रदेश नेतृत्व के निर्णय का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए सतीश गजराज को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सड़क हादसों पर 'जीरो टॉलरेंस' लग्जरी-स्लीपर बसों और बाल वाहिनियों पर बड़ी कार्रवाई

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर 5 वाहन सीज, 10 पर जुर्माना, यात्रियों को दूसरी बसों से सुरक्षित भेजा

अशोक राईका

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यात्री व स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ लग्जरी व स्लीपर बसों तथा बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिलने पर कुल 5 वाहन सीज किए गए, जबकि 10 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के सदस्य सचिव हरि ओम शर्मा अत्री और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं अध्यक्ष सुनील कुमार पंचोली के निर्देशानुसार की गई। अभियान का निर्देशन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. महेन्द्र के. सिंह सोलंकी ने किया। निरीक्षण दल में साइबर थाना झुंझुनूं के थानाधिकारी रामखिलाड़ी आरपीएस, परिवहन निरीक्षक सुमित कुमार, परिवहन निरीक्षक रोहिताश कुमार, राजेश कुमार और अनिल कुमार शामिल रहे।

#### स्लीपर बसों पर कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान टीम ने लग्जरी और स्लीपर बसों में मोटर वाहन अधिनियम और राज्य सरकार की एसओपी के तहत निर्धारित सुरक्षा मानकों की जांच की। नियमों का उल्लंघन मिलने पर 3 स्लीपर बसों को मौके पर ही सीज किया गया, जबकि अनियमितताएं मिलने पर 6 स्लीपर बसों पर जुर्माना लगाया गया।

टीम ने बसों की गति, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य निर्धारित मानकों की जांच की। अधिकारियों ने वाहन संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




**जब्त बसों के यात्रियों को दूसरी बसों से भेजा**-कार्रवाई के दौरान बसों को सीज किए जाने के बाद उनमें सवार यात्रियों को परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया। प्राधिकरण सचिव डॉ. महेन्द्र के. सिंह सोलंकी के निर्देश पर जब्त बसों के यात्रियों को अन्य बसों में सुरक्षित रूप से बैठाकर उनके गंतव्य स्थानों तक भेजा गया। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी बस में यात्रा करने से पहले बस और उसके संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली बसों में यात्रा करने से बचें।

**'चालान काटना उद्देश्य नहीं, जान बचाना है'**-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. महेन्द्र के. सिंह सोलंकी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाना है।

उन्होंने कहा कि अनियंत्रित गति, ओवरलोडिंग और सुरक्षा मानकों की अनदेखी अक्सर गंभीर सड़क हादसों का कारण बनती है। ऐसे मामलों में वाहन संचालकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी सख्ती**-अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाली बाल वाहिनियों की भी गहन जांच की गई। जांच में सुरक्षा मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली 2 बाल वाहिनियों को सीज किया गया, जबकि 4 बाल वाहिनियों पर जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधकों और वाहन चालकों को निर्देश दिए कि बाल वाहिनियों में निर्धारित सुरक्षा मानकों की पूरी तरह पालना सुनिश्चित करें। बच्चों की सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान**-प्राधिकरण सचिव ने वाहन चालकों और स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वे यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पूरी निष्ठा से पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन और स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़ करने वाले वाहन संचालकों को बख्शा नहीं जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए इस तरह के निरीक्षण और कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रखने की बात कही गई।

## पीईईओ-यूसीईईओ के रात्रि विश्राम आदेश पर पुनर्विचार की मांग

### कलेक्टर के माध्यम से शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** पीईईओ और यूसीईईओ को हर महीने चार दिन विद्यालयों में रात्रि विश्राम कर विद्यालयों का निरीक्षण और सहयोग करने के आदेश के विरोध में राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद जिला शाखा झुंझुनूं ने ज्ञापन सौंपा। संगठन ने जिला कलेक्टर के माध्यम से शिक्षा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर के नाम ज्ञापन भेजकर आदेश पर पुनर्विचार करने और इसे निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में अधिकारियों ने रात्रि विश्राम के दौरान सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। विशेष रूप से महिला शिक्षा अधिकारियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया। संगठन ने कहा कि दूर-दराज के विद्यालयों में रात को रुकने में कई तरह की व्यावहारिक परेशानियां सामने आ सकती हैं। संगठन ने सुझाव दिया कि यदि रात्रि विश्राम जरूरी है तो पंचायत भवन में अधिकारियों के लिए सुरक्षित व्यवस्था की जाए और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए। इस दौरान जिला मंत्री डॉ. मनीष कुमार चाहर, सभा अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, कोषाध्यक्ष माया सांगवान, विनोद लोहिया, अजय सिहाग, हरिसिंह कुल्हरी, संजीव टांडी, अनिता चौधरी, राजबाला खीचड़, मंजू सोनानिया, प्रतिभा सामोर और अनीता सैनी मौजूद रहे।

## कुरैशी महासभा की समीक्षा बैठक, 23 अगस्त को होगा 'आगाज' समारोह

### 9 अगस्त को पौधरोपण और 15 अगस्त को जिलेभर में ध्वजारोहण का निर्णय



संजय सोनी

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** कुरैशी महासभा संस्थान जिला झुंझुनूं की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली खोखर की अध्यक्षता में हुई। जिला सचिव बिलाल कुरैशी ने बताया कि बैठक में समाज सुधार, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय पर्वों को लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त को जिलेभर में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। वहीं स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, बेरोजगारी और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता लाने के उद्देश्य से 23 अगस्त को जिला स्तरीय 'आगाज' सामाजिक जागरूकता समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में कुरैशी महासभा यूथ विंग के जिला अध्यक्ष अदनान खत्री को जिला कांग्रेस महासचिव नियुक्त होने पर स्वागत किया गया। वहीं मास्टर अकबर कुरैशी को जिला महासचिव, एनआरआई बिलाल कुरैशी को जिला सचिव, मोहम्मद आदिल कुरैशी पीरुका को यूथ विंग जिला सहसचिव और शाह खालिद को यूथ विंग जिला उपकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष तौफीक सैय्यद, रफीक खोखर, जुबैर उर्फ जुबी, फयूम कुरैशी, अयूब बेहलीम, अब्दुल जब्बार फौजी, इरफान कबाड़ी सहित संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## अन्नूश्री फाउंडेशन की पहल बनी मिसाल, बीडीके में रक्तदान शिविर

### 30 सदस्यों ने किया रक्तदान, एचआरपी गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों के लिए जुटाया रक्त

सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** बीडीके अस्पताल में रक्त की कमी को दूर करने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए शुक्रवार को अन्नूश्री फाउंडेशन की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में फाउंडेशन के निदेशक डॉ. अन्नूश्री और डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों, कर्मचारियों और समाजसेवियों ने रक्तदान किया। फाउंडेशन के करीब 30 सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। फाउंडेशन के निदेशक डॉ. अमित कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बीडीके अस्पताल में रक्त की कमी और खासकर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) वाली गर्भवती महिलाओं व गंभीर मरीजों के लिए रक्त की जरूरत की जानकारी सामने आ रही थी। इसे देखते हुए फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का प्रयास है कि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। उन्होंने अन्य सामाजिक संगठनों से भी रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

#### सीएमएचओ ने की पहल की सराहना

शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने फाउंडेशन की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीडीके अस्पताल में एचआरपी गर्भवती महिलाओं और ट्रॉमा मरीजों की संख्या अधिक होने से कई बार रक्त की जरूरत बढ़ जाती है। ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदान बहुत उपयोगी साबित होता है। उन्होंने फाउंडेशन के चिकित्सकों डॉ. अन्नूश्री और डॉ. अमित कुमार सहित पूरी टीम के प्रयास की सराहना की।



#### अधिकारियों ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला

शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू, आरसीएचओ डॉ. दयानंद और नगर परिषद आयुक्त राकेश रंगा भी पहुंचे। अधिकारियों ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और फाउंडेशन के प्रयास को जनहित में महत्वपूर्ण बताया।

पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने कहा कि बीडीके अस्पताल में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी और गंभीर मरीजों की संख्या को देखते हुए रक्त की जरूरत रहती है। स्वैच्छिक रक्तदान से ब्लड बैंक में रक्त का स्टॉक बना रहेगा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सकेगा। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की, ताकि किसी भी मरीज को रक्त की कमी के कारण परेशानी न हो।

## राणी सती दादी का सिंजारा उत्सव धूमधाम से मनाया

संजय सोनी

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** श्री राणी सती दादी आशीर्वाद ग्रूप की ओर से सावन के सिंजारा उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। मोदी रोड स्थित श्री गंगाराम अतिथि भवन में आयोजित कार्यक्रम में राणी सती दादी का भव्य श्रृंगार किया गया। आशीर्वाद ग्रूप की अध्यक्ष लक्ष्मी बिसाऊवाला ने बताया कि सावन के सिंजारे में दादी को रिझाने के लिए विशेष कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान गायक कलाकार मोनिका शर्मा और रवि आबुसरिया ने मधुर आवाज में दादी के भजनों की प्रस्तुति दी। सिंजारा उत्सव में शहर की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने दादी के भजन गाए और भजनों पर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। दादी की बहुओं और बेटियों ने दादी को झूला झुलाया। इसके बाद भजनों पर नृत्य कर सिंजारा उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने मिलकर अमर सुहाग और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान दादी से परिवार और समाज में सुख-शांति की कामना की गई। कार्यक्रम में राणी सती दादी आशीर्वाद ग्रूप की सरोज जालान, सुमन टीबड़ा, गरिमा सोनी, उमा गोयनका, रजनी, माया गुप्ता, अनीता सराफ, राजा बंका, कंचन लता गोस्वामी और सुनीता भोड़कीवाला सहित शहर की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



सम्पादकीय

# एनटीए में सुधार



मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट के पेपर लीक होने के बाद इसे आयोजित कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के कामकाज में सुधार किया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य हो गया है।

यह ठीक है कि बीते दिनों एनटीए के लिए अस्थायी रूप से काम करने वाले कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हटाया गया और उसके प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए महाप्रबंधक तथा उसके समकक्ष स्तर के पदों की भर्ती के कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन उचित यह होगा कि इन कदमों के संदर्भ में नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में परीक्षा सुधार के लिए गठित टास्क फोर्स से भी विचार-विमर्श किया जाए। और भी उचित यह होगा कि इस टास्क फोर्स को अपना काम शीघ्र शुरू करने को कहा जाए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि यह टास्क फोर्स अपनी सिफारिशें कब तक देगा।

इसके लिए कोई समयसीमा तय की जानी चाहिए। आवश्यक यह भी है कि उसकी ओर से जो सुझाव दिए जाएं, उन पर यथाशीघ्र अमल सुनिश्चित किया जाए। यह एक तथ्य है कि एनटीए के कामकाज में सुधार के लिए राधाकृष्णन समिति ने जो सुझाव दिए थे, उन सभी पर अमल नहीं किया गया। इसी तरह शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति की सिफारिशों पर भी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। शायद इस सबका ही परिणाम यह रहा कि एनटीए नीट के साथ अन्य केंद्रीय परीक्षाओं में गड़बड़ी को रोकने में नाकाम रही। इसी नाकामी का नतीजा छात्रों के उस आंदोलन के रूप में सामने आया, जिसके चलते शिक्षा मंत्री को त्यागपत्र देना पड़ा। इस त्यागपत्र के बाद पेपर लीक रोधी कानून में संशोधन कर उसे और कठोर भी बनाया गया।

नि:संदेह परीक्षाओं में सेंध लगाने वाले तत्वों को हतोत्साहित करने के लिए संबंधित कानून को कठोर करना ही चाहिए, क्योंकि देश में एक पेपर लीक माफिया पैदा हो गया है, लेकिन इसी के साथ इसके उपाय भी करने चाहिए, जिससे पेपर लीक ही न हो सके। ऐसा तब होगा, जब एनटीए और इस जैसी अन्य संस्थाओं की कार्यप्रणाली में अपेक्षित बदलाव होंगे।

यह साधारण बात नहीं कि पिछले कुछ समय से प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ स्कूली परीक्षाओं में भी सेंध लग रही है। इसे देखते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं को न केवल उन्नत तकनीक को अपनाना चाहिए, बल्कि प्रश्नपत्रों के कई सेट तैयार करने जैसे कदम भी उठाने चाहिए।

नीट जैसी जिन प्रतियोगी परीक्षाओं में लाखों छात्र बैठते हैं, उन्हें वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित करने पर विचार किया जाना चाहिए। आवश्यक केवल यह नहीं है कि एनटीए की कार्यप्रणाली सुधरे, बल्कि यह भी है कि किसी भी स्तर की परीक्षाएं आयोजित कराने वाली संस्थाओं का कामकाज ऐसा हो कि परीक्षार्थियों के मन में परीक्षाओं की शुचिता को लेकर कोई संदेह न रहे।

विशेष आलेख

# हसीना के तेवरों के बाद बांग्लादेश से रिश्तों में तल्खी

**बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ढाका ने भारत सरकार को पहले ही अपनी चिंताएं बता दी थीं। इस तरह का कार्यक्रम दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिशों को कमज़ोर कर सकता है। मंत्रालय ने खेद जताया कि जुलाई क्रांति की दूसरी बरसी पर शेख हसीना का मीडिया संवाद बांग्लादेश की संप्रभुता की अवमानना है।**



कुछ दिन पहले तक भारत से रिश्ते नॉर्मल करने की दिशा में कूटनीतिक प्रयास हो रहे थे, लेकिन एक बार फिर उस पर पानी फिरता नज़र आ रहा है। बांग्लादेश ने बुधवार को भारत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को नई दिल्ली में मीडिया के साथ लाइव बातचीत करने की अनुमति देने पर नाराज़गी जताई है। बांग्लादेश का कहना है कि इस कदम से हमारे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और यह दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध बनाने की कोशिशों के लिए नुकसानदेह है।

बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ढाका ने भारत सरकार को पहले ही अपनी चिंताएं बता दी थीं। इस तरह का कार्यक्रम दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिशों को कमज़ोर कर सकता है। मंत्रालय ने खेद जताया कि जुलाई क्रांति की दूसरी बरसी पर शेख हसीना का मीडिया संवाद बांग्लादेश की संप्रभुता की अवमानना है और जुलाई 2024 के आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों का अपमान भी है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि 2013 में हुई बांग्लादेश-भारत प्रत्यर्पण संधि के तहत हसीना की वापसी के लिए बांग्लादेश के बार-बार किए गए अनुरोधों का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के उस वर्चुअल भाषण के आयोजन में किसी भी भूमिका से इनकार किया है, जो उन्हें सत्ता से हटाने वाले विद्रोह की दूसरी बरसी के मौके पर हुआ था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है और वह इस मंच पर व्यक्त किए जाने वाले किसी भी विचार का समर्थन नहीं करती है।' 78 वर्षीय हसीना बुधवार को नई दिल्ली में फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ़ साउथ एशिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने बेटे साजीब वाज़ेद जॉय और अन्य वक्ताओं के साथ पहली बार सार्वजनिक रूप से (वीडियो लिंक के ज़रिए) दिखाई दी थीं। ढाका से भागने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। लेकिन उस वीडियो को बांग्लादेश में कोई न देखे, इसकी तैयारी ढाका ने पहले से कर रखी थी।

दोनों देशों के बीच नए सिरे से जो तल्खी हुई है, उसमें शक है कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान नई दिल्ली आएंगे। भारत ने 12 और 13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में शामिल होने के लिए बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को आमंत्रित किया है। शेख हसीना के बयान के बाद ढाका इस पर पुनर्विचार करने लगा है। यों, भारत ने यह आमंत्रण बांग्लादेश को ब्रिक्स सदस्य के रूप में नहीं, बल्कि क्षेत्रीय संगठन बिम्सटेक के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में दिया है। शेख हसीना ने यह बयान इस वक्त क्यों दिया है? उसकी टाइमिंग पर ध्यान दिया जाना चाहिए। क्या वो नहीं चाहतीं कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान और पीएम मोदी के रिश्ते बेहतर हों? दिनेश त्रिवेदी को ढाका में उच्चायुक्त बनाकर भेजने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक नौकरशाही से हटकर एक कद्दावर राजनेता के ज़रिए रणनीतिक संवाद स्थापित करना था। 18 महीने के अंतराल के बाद कोलकाता-ढाका के बीच और ढाका-अगरतला के बीच बस सेवाएं चल रही हैं। जब मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ा और वैश्विक ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई, तो दिल्ली ने सीमा-पार फ्रेंडशिप पाइपलाइन के ज़रिए बांग्लादेश को हज़ारों टन आपातकालीन ईंधन भेजा। लेकिन, दिनेश त्रिवेदी सांप-सीढ़ी वाले खेल में फंस गए लगते हैं।

फरवरी, 2026 के आम चुनाव के बाद जिस तरह बीएनपी सत्ता में आई, लोग व्यापक बदलाव की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन, अब वो निराशा में बदलने लगी है। नेशनल सिटिज़न पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा, 'आम लोगों को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में कोई राहत नहीं मिली है।' गुरुवार को 11 पार्टियों के गठबंधन ने ढाका में धरना दिया, जिसमें गैस, बिजली और आवश्यक वस्तुओं के मौजूदा संकट का विरोध किया गया और 10 सूत्रीय मांगों का चार्टर पेश किया गया।

गठबंधन ने सितंबर से नवंबर तक विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की है। मुक्तांगन में रैली के बाद जमात-ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान, नेशनल सिटिज़न पार्टी के संयोजक नाहिद इस्लाम, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद और गठबंधन के अन्य नेताओं ने सचिवालय की ओर मार्च किया। उन्होंने घरेलू गैस की कीमतें कम करने, बिना रुकावट पाइपलाइन गैस आपूर्ति और हर घर तक बिजली पहुंचाने की मांग की। संभवत: शेख हसीना इसी का इंतज़ार कर रही थीं, जब देश में क्रांति करने वाले चेहरे अपने किए पर अफ़सोस प्रकट करें। अब जब शेख हसीना ख़ुद बांग्लादेश जाना चाहती हैं, क्या नया निज़ाम उन्हें आने से रोकेगा?

मगर, ढाका-दिल्ली के बीच बनते-बिगड़ते संबंधों की एकमात्र वजह शेख हसीना नहीं हैं। चीन ने भी अपना खेल जारी रखा है। याद कीजिए, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस 26 से 29 मार्च, 2025 तक चीन के दौरे पर थे, तब आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। चीन लगातार 15 सालों से बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है। बांग्लादेश में लगभग 1,000 चीनी कंपनियां काम कर रही हैं, जिन्होंने देश में 5,50,000 से ज़्यादा नौकरियां पैदा की हैं। फरवरी 2025 में, बांग्लादेश की आठ राजनीतिक पार्टियों के 22 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल 13 दिन की चीन यात्रा पर गया था। प्रधानमंत्री तारिक़ रहमान ने 24 से 26 जून, 2026 के बीच चीन की आधिकारिक यात्रा की। चीन ने तब 30 अरब डॉलर के अनुदान का अहद किया। पद संभालने के बाद यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय दौरा था। चीन ने 1975 से अब तक बांग्लादेश को कुल 7.5 अरब डॉलर का लोन दिया है।

क़रीबी रिश्तों के बावजूद, व्यापार असंतुलन और लोन पर ब्याज का भुगतान बांग्लादेश के लिए बड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। लेकिन, चीन का असल खेल तीस्ता में हुई इंट्री है। 9 जनवरी, 2025 को बांग्लादेश जल विकास बोर्ड (बीडब्ल्यूडीबी) और चीन की सरकारी कंपनी पावर चाइना ने 98 करोड़ डॉलर की तीस्ता व्यापक प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना पर हस्ताक्षर किए। पर्यावरण सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन के अनुसार, 'समझौते के तहत, पावर चाइना एक व्यवहार्यता अध्ययन करेगी। इसके बाद, तीस्ता परियोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।' मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान तीस्ता जल बंटवारे समझौते पर 2011 में हस्ताक्षर होने थे। लेकिन, पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के कारण, तीस्ता समझौता विफल हो गया।

तीस्ता जल प्रबंधन की ज़िम्मेदारी जिस तरह चीन ने ली है, उसके रणनीतिक परिणामों के प्रति नई दिल्ली को गंभीर हो जाना चाहिए।

स्वास्थ्य समाचार

# इन कारणों से पुरुषों के लिए जरूरी है स्किन टोनर



**पुरुष, महिलाओं की तुलना में अपने स्किन केयर रूटीन पर कम ध्यान देते हैं। इसकी वजह से उनकी स्किन ज्यादा सख्त और खराब हो सकती है। ऐसे में पुरुषों के लिए जरूरी है कि वो अपने स्किन केयर रूटीन में उन चीजों को शामिल करें जो कि त्वचा को साफ, सुंदर और सुरक्षित रखे। स्किन टोनर कुछ ऐसा ही काम करते हैं। दरअसल, टोनर आमतौर पर छिद्रों की उपस्थिति को कम करने, त्वचा की टोनिंग करने यानी कि अंदर से कसने और तेल और गंदगी को हटाने वाले होते हैं। टोनर अकेले क्लीन्जर की तुलना में गंदगी, तेल और अशुद्धियों को अधिक कुशलता से साफ करने में मदद करते हैं। साथ ही ये त्वचा को पर्यावरणीय नुकसानों से से सुरक्षित रखते हैं। इसलिए पुरुषों को भी अपने स्किन केयर रूटीन में स्किन टोनर को शामिल करना चाहिए।**



## स्किन की सफाई के लिए

स्किन के लिए स्किन टोनर वैसे तो कई तरह से काम करते हैं पर सबसे पहले ये त्वचा की डीप क्लींजिंग का काम करता है। ये पोर्स के अंदर तक जा कर त्वचा को साफ करता है और इसे अंदर से शांत करता है। इस तरह ये रेडनेस को कम करता है और आपकी स्किन को अंदर से स्वस्थ रखने में मदद करता है। इस वजह से आपकी त्वचा रिफ्रेश और अंदर से ग्लो करती है। इतना ही नहीं ये ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए भी फायदेमंद है। दरअसल, जब आप अपने ऑयली स्किन के लिए स्किन टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो, ये स्किन के अंदर से गंदगी और अतिरिक्त ऑयल की सफाई करता है। इससे स्किन साफ रहती है और ऑयल का प्रॉडक्शन कम हो जाता है।

## त्वता को मॉइस्चराइज करने के लिए

फेस टोनर त्वचा में नमी को लॉक करने में मदद करता है। इस वजह से आपकी त्वचा अंदर से मॉइस्चराइज रहती है। दरअसल, टॉनर में कुछ हेम्यूकटेंट्स होते हैं, जो कि पोर्नस के अंदर जा कर त्वचा को नमी पहुंचाने का काम करते हैं। इसके अलावा जिनकी त्वचा ड्राई है उनके लिए भी ये बेहद फायदेमंद है। ये ड्राई स्किन को अंदर से नरिश करने का काम करती है और त्वचा में लंबे समय तक नमी बनाए रखने में मदद करती है। इसलिए पुरुषों के लिए स्किन टोनर बहुत ही फायदेमंद है।

## त्वचा पर दिखने वाले पोर्स को कम करने के लिए

फेस टोनर त्वचा पर दिखने वाले पोर्स को कम करने का काम करता है। पुरुषों में त्वचा के पोर्स ऐसे भी बड़े-बड़े होते हैं और दाढ़ी साफ करने पर नजर आते हैं। ऐसे में इसे लगाना त्वचा को साफ करने में मदद करता है। फेस टोनर लगाने के लिए एक नरम कॉटन बॉल या पैड पर थोड़ी मात्रा में टोनर लगाएं और धीरे से अपने चेहरे को पोंछें। इससे तेल निकल जाएगा और आपको महसूस होगा कि आपके पोर्स थोड़े छोटे नजर आ रहे हैं।

## पॉल्यूशन से बचाव के लिए

फेस टोनर त्वचा से हानिकारक तत्वों को साफ करने में मदद करता है। ये त्वचा को ऑक्सीडेटिव तनाव और फाइन रेडिकल्स से बचाता है। इसके अलावा ये झुर्रियों को कम करने में मदद करता है और त्वचा की टोनिंग में मदद करता है। इससे त्वचा में अंदर लोचपन आता है और आप समय से पहले बूढ़ा दिखने से बच जाते हैं। इसलिए त्वचा को लंबे समय तक अंदर से जवान बनाए रखना चाहते हैं तो, फेस टोनर का इस्तेमाल जरूर करें।

# अंडा और मछली खाए बिना शाकाहारी तरीके से घटाएं अपना वजन

आपके शाकाहारी होने के अलग अलग कारण हो सकते हैं जैसे अपनी संस्कृति और धर्म का पालन करना, आपका कोमल हृदय जो जानवरों को मार कर खाने की अनुमति नहीं देता आदि। कुछ शाकाहारी परिवारों में अंडों का भी सेवन नहीं किया जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि केवल शाकाहारी डाइट के माध्यम से वजन कम कर पाना काफी मुश्किल होता है क्योंकि इसमें आपको अधिक पोषण नहीं मिल पाता। यही नहीं प्रोटीन आदि के स्त्रोत भी बहुत कम होते हैं। आपको बता दें कि यह धारणा पूरी तरह से गलत है क्योंकि काफी सारी डाइट ऐसी उपलब्ध हैं जिसमें आपको पर्याप्त पोषण मिल सकता है और वह पूरी तरह से शाकाहारी भी हैं। यह डाइट आपका वजन कम करने में मदद कर सकती हैं।

**लैक्टो वेजिटेरियन डाइट :** इस डाइट में पेड़ पौधों से मिलने वाले खाद्य पदार्थ और दूध जैसे डेयरी उत्पादों का सेवन करना शामिल होता है। आप चाहें तो आइस क्रीम का भी सेवन कर सकते हैं। इसमें आपको अंडे और मीट मछली नहीं खाना। इस डाइट में आम तौर पर दही, दूध, छाछ, चीज़, पनीर आदि को शामिल किया जाता है।

**ओवो वेजिटेरियन डाइट :** इस डाइट में आपको अंडों का सेवन करना होता है। लेकिन डेयरी उत्पादों से दूरी बना कर रखनी होती है। इसमें आपको हर एक डेयरी प्रोडक्ट को अपनी डाइट से हटाना होगा और अंडों से बनने वाली चीजों जैसे ऑमलेट, उबले हुए अंडे आदि का सेवन करना होगा।

**लैक्टो ओवो वेजिटेरियन डाइट :** यह एक वह डाइट होती है जिसमें अंडे भी शामिल होते हैं और दूध जैसी डेयरी उत्पाद भी। केवल इसमें मीट जैसे नॉन वेज आइटम शामिल नहीं होते हैं। पोल्ट्री आदि भी इस डाइट में शामिल नहीं होती है। केवल दूध, चीज़, पनीर, दही, छाछ, अंडे आदि को आप खा सकते हैं।




**वेगन डाइट :** यह डाइट इन दिनों काफी प्रसिद्धि पा रही है। इस डाइट में पशुओं से मिलने वाले किसी भी पदार्थ का सेवन नहीं करना होता है फिर चाहे वह दूध हो या फिर अंडे। यह डाइट पूरी तरह से शुद्ध शाकाहारी होती है। इसमें आपको केवल पौधों से मिलने वाली चीजें और नट आदि का ही सेवन करना होता है।

## इन खाद्य पदार्थों को करें अपनी डाइट में शामिल

**कॉम्प्लेक्स कार्ब :** होल ग्रेन, स्टार्च से युक्त सब्जियां, फल, नट, दाल, बींस आदि इस डाइट का एक उदाहरण होते हैं।

**हाई फाइबर से युक्त सब्जियां :** अपनी आधी प्लेट को फाइबर से भरपूर सब्जियों से भर लें जैसे हरी सब्जी, ब्रोकली, पालक, मशरूम ताकि आपका पेट काफी समय तक भरा रह सके।

**वेजिटेरियन प्रोटीन :** बींस, दूध और दूध से बनने वाली चीजें और अंडे अपनी डाइट में शामिल करें। इनमें प्रोटीन होता है और यह आपके वजन कम करने की प्रक्रिया की रफ्तार बढ़ाते हैं।

**पानी से भरपूर फल और सब्जी :** कुछ ऐसे फल और सब्जी जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो जैसे खीरा, खरबूज, कद्दू, आदि का सेवन भी जरूर करें। इनमें लो कार्ब होता है इसलिए स्नैक्स के रूप में भी इन फलों का प्रयोग आप कर सकते हैं।

**नट्स और सीड्स :** बादाम, अखरोट, पिस्ता जैसे नट्स और सूरजमुखी, अलसी और खरबूज के बीजों या सीड्स का सेवन भी जरूर करें।

## वेजिटेरियन डाइट खाने के क्या फायदे हैं

**कैंसर से बचाव :** कुछ शाकाहारी डाइट जैसे कि फल और सब्जियां आपके कैंसर की संभावना को कम करते हैं। साथ ही वजन कम करने में भी सहायक हैं।

**बीपी होता है कम :** शाकाहारी डाइट में पोटेशियम की मात्रा होती है और यह सबको मालूम है कि पोटेशियम हाइपरटेंशन को कम करने में सहायक है।

आज का राशिफल

## मेष

व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

## वृष

सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

## मिथुन

पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जल्दबाजी न करें।

## कर्क

बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

## सिंह

दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

## कन्या

यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी। चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी।

## तुला

सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## वृश्चिक

चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

## धनु

चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

## मकर

यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

## कुंभ

ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

## मीन

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

# वार्ड नं. 27 व 28 के लिए लगा फोलो अप कैंप

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** फोलो ऑप कैम्प शहरी सेवा शिविर 2026 के अन्तर्गत शुक्रवार को वार्ड नं 27 व 28 शिविर कार्यालय नगर परिषद् में आयोजित किया गया। शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 2 पट्टा नवीनीकरण 3, पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 2, जीवीपी 4, सीवर कनेक्शन 3, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 19, स्ट्रीट लाईट 2, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 1, पीएम स्वनिधि 01, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 3, वृक्षारोपण 120, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 2, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 2 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई मे व्यवधान के 5, ढीले तारों को व्यवस्थित 5 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 262 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 23 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 40 प्रकरण, आधार सिडिंग 4, आधार केवाईसी 2, एलपीजी आईडी केवाईसी 5 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणियां, विजय बटेसर, मनोज पारीक, रेवंतमल पंवार, पंकज घासोलिया, निवर्तमान पार्षदपति पन्नालाल सोनी, विद्याप्रकाश बागरेचा, राकेश प्रजापत ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, कनिष्ठ अभियंता कमलेश साखुनिया, कनिष्ठ लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, फायरमैन देविका, रामनिवास जाट, प्रमोद विश्नोई, सुनील विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानियां, नरपत जाट, एमआईएस मैनेजर कृष्ण कुमार शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णु कुमार शर्मा, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, उर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, टेक्निशियन राकेश तूनवाल तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# 12 से 23 सितम्बर तक होगा गणेश चतुर्थी महोत्सव

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति द्वारा आने वाले गणेश चतुर्थी महोत्सव 2026 को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 12 से 24 सितंबर तक 13 दिवसीय कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बताया कि 12 सितम्बर शनिवार को प्रातः 10 बजे मूर्ति स्थापना आचार्य पण्डित सोमदत्त दाधीच एंव सह आचार्य विनोद बोरायडा द्वारा करवाई जाएगी। 13 सितम्बर शाम को महाआरती के पश्चात रात्रि में आशा वैष्णव के द्वारा भव्य विशाल जागरण में भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी। इसी प्रकार 14 सितम्बर प्रातः भगवान श्री सिद्धि गणेश का दुग्धाभिषेक होगा और दोपहर में जन्मोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव के तहत 12 से 23 सितम्बर तक रोजाना सायंकालीन आरती के पश्चात गोलू सुदामा ग्रुप द्वारा सजीव झांकियों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। विशेष कार्यक्रम दिनांक 17 सितम्बर गुरुवार से 24 सितम्बर गुरुवार तक आठ दिवसीय राम कथा का होगा। जिसमें व्यास पीठ पर गोविंद भैया वृन्दावन वाले विराजमान होकर कथा का रसपान करवायंगे। 24 सितंबर को प्रातः 9 बजे हवन पूर्णाहुति एंव शाम को शोभायात्रा निकाली जायेगी। समिति के अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बताया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सचिव सुरेश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष गोपाल कठातला, रमेश स्वामी, नंदकिशोर जांगिड़, मदनलाल भामा, राजेन्द्र भामा, राहुल शर्मा, कन्हैयालाल स्वामी, सोमदत्त दाधीच, विनोद शर्मा, नवीन प्रजापत, लोकेश सोनी, ललित जांगिड़, हनुमान सोनी, पवन सोनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरू वंदन कार्यक्रम आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री सेठ मोहनलाल जालान राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले गुरु वंदन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के चूरू जिला अध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश चारण का प्राचार्य डॉ के सी जोशी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया व डॉ जयप्रकाश का स्वागत प्रो परमेश्वर महर्षि एवं डॉ धनराज पांडिया ने माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता दिनेश चारण ने गुरु शिष्य संबंधों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की गुरु शिष्य संबंधों पर समसामयिक परिप्रेक्ष्य में बहुत ही ध्यान देने की जरूरत है। डॉ जयप्रकाश बेरवाल ने गुरु की महिमा पर विस्तार से चर्चा की। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ व महाविद्यालय इकाई के सचिव डॉक्टर सुशील त्यागी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में गुरु शिष्य के संबंधों को रेखांकित करते हुए गुरु के पद की संवेदनशीलता पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय शिक्षकों के अलावा विद्यार्थी भी मौजूद थे।

# सजना शक्ति मंदिर जुड़ेगा सड़क मार्ग से

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष मुरलीधर सारस्वत के निरंतर अथक प्रयासों से श्री सजना शक्ति मंदिर सड़क मार्ग से जुड़ेगा और विद्युतीकरण के लिए भी महत्वपूर्ण स्वीकृतियां मिल चुकी है। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने अपना वादा निभाते हुए नुवा बामनेत सती दादी मंदिर होते हुए रतनादेसर सड़क निर्माण की अभिशंसा कर राज्य सरकार से स्वीकृति दिलाई है। वहीं क्षेत्रीय विधायक पूसाराम गोदारा ने भी अपनी घोषणा को मूर्त रूप देते हुए इस मंदिर और मार्ग पर विद्युतीकरण की स्वीकृति विद्युत प्रशासन से दिलाई है। गौरतलब है कि इस कच्चे मार्ग पर सैकड़ों ग्रामवासी व दादी के भक्त और आसपास के खेतों और गांवों में जाते थे। सड़क निर्माण और विद्युतीकरण से आसपास के ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा और विद्युतकरण से गांवों के विकास को गति मिलेगी।

मंदिर निर्माण को सानिध्य प्रदान कर रहे थानापति जूना अखाड़ा हरिद्वार के संत कुंभभारती महाराज, सजना शक्ति भक्त मंडल के प्रमुख मुरलीधर सारस्वत, समाजसेवी रामनारायण सारस्वत, समाजसेवी गोविन्दराम ओझायिया, शिवकरण सारस्वत, सीताराम सारस्वत सहित भक्त मंडल के सदस्य और सैकड़ों ग्रामवासियों ने विधायक गोदारा व पूर्व विधायक महर्षि का आभार प्रकट किया।

# भाजपा युवा नेता राठौड़ ने 69 राजकीय विद्यालयों को भेंट की आधुनिक शिक्षण सामग्री

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भाजपा युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ ने तारानगर विधानसभा क्षेत्र के 69 राजकीय विद्यालयों को इंटरेक्टिव बोर्ड, प्रोजेक्टर तथा अन्य आवश्यक स्मार्ट शिक्षण सामग्री भेंट की है। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने राठौड़ का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना, शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं रुचिकर बनाना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है।

इन संसाधनों के माध्यम से शिक्षक डिजिटल माध्यम से बेहतर शिक्षण कर सकेंगे, जिससे विद्यार्थियों की सीखने की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार होगा। भाजपा विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह राठौड़ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल क्षेत्र के विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी तथा डिजिटल शिक्षा को नई गति प्रदान करेगी। इस मौके पर एसीबीईओ प्रथम संजय कुमार शर्मा, एसीबीईओ द्वितीय राजवीर सिंह, अजीत राठौड़, आरपी भोजराज दाधीच, शीशपाल, संस्था प्रधान रामनिवास बेनीवाल, बाबूलाल बुनकर, अमीन कँवर, मांगीलाल आसेरी, सरोज, लक्ष्मण सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, नोरंगलाल परिहार, बीरबहादुर सिंह राठौड़, श्रवण चारण, रजनीकांत शर्मा, राजेन्द्र, जगदीश प्रसाद गोस्वामी, युद्धवीर सिंह आदि मौजूद थे।


# स्वर्वेद शोभायात्रा आज

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** विहंगम योग संत समाज के 103वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण के पावन उद्देश्य को लेकर स्वर्वेद शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। रतनगढ़ विहंगम योग समाज के अनुयायी जगदीश प्रसाद, दिनेश कुमार व सत्यप्रकाश चोटिया ने बताया कि शोभायात्रा शनिवार 8 अगस्त को सायं 4:30 बजे श्री तालवाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर पं. दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल तक निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पश्चात नगरपालिका टाउन हॉल में स्वर्वेद कथा का वाचन होगा। कथा का प्रवचन यात्रा को सानिध्य दे रहे संत विज्ञानदेव महाराज करेंगे।

# ऑपरेशन साइक्लोन : ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क पर साइबर पुलिस ने किए दो सटोरिए गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ऑनलाइन सट्टेबाजी और अवैध गेमिंग नेटवर्क के खिलाफ जयपुर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन साइक्लोन के तहत साइबर पुलिस और वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपए के लेन-देन का हिसाब रखने वाली तीन डायरियां समेत बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज बरामद किए हैं। जयपुर पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि साइबर सेल प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में साइबर टीम एवं वैशाली नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंकित मेहता 20 निवासी काशीपुरा भीलवाड़ा हाल वैशाली नगर जयपुर और सिद्धार्थ संभव 25 निवासी देवली, टोंक हाल वैशाली नगर, जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन,1 लैपटॉप, 3 आईपैड, 4 वाईफाई राउटर, 7 एटीएम कार्ड, 2 चेकबुक, 2 पासपोर्ट और हिसाब डायरियां, जिनमें करोड़ों रुपए के लेनदेन का रिकॉर्ड है बरामद किए हैं। जयपुर पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण के अनुसार आरोपियों ने वैशाली नगर स्थित एक किराए के फ्लैट से ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क संचालित कर रखा था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को और ज्ल्ठम्ज्ण्ब्ड वेबसाइटों से जुड़े ऑनलाइन सट्टे के कारोबार के सबूत मिले हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन सट्टे की आईडी लेकर खुद सट्टा खेलते थे और अन्य लोगों को भी आईडी उपलब्ध करवाकर हार-जीत का खेल खिलाते थे। आरोपी डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोगों को लालच देकर सट्टेबाजी से जोड़ते थे। इसके बाद विभिन्न बैंक खातों और ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से रकम का लेन.देन किया जाता था। पुलिस ने मौके से डिजिटल साक्ष्य, बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त की है। तकनीकी जांच के जरिए पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, मास्टरमाइंड और बेनामी खातों की जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में वैशाली नगर थानाधिकारी अरविंद सिंह, एसआई ईश्वर सिंह, एएसआई मनोज, तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल अशोक, विक्रम, साइबर सेल के कांस्टेबल पूरण मल, महिला कांस्टेबल देवकी शर्मा और कांस्टेबल रोशन कुमार सहित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा : जयपुर दक्षिण में 57 सीएलजी बैठकें, 901 युवाओं को जोड़ा गया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस आयुक्तालय की ओर से सामुदायिक पुलिसिंग अभियान चलाया जा रहा है। 59वें महानिदेशक/महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन-2024 की सिफारिशों के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जयपुर दक्षिण जिले में पुलिस और आमजन के बीच संवाद बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के नेतृत्व तथा विशेष पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रदीप मोहन शर्मा के निर्देशन में 20 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के अनुसार जयपुर दक्षिण जिले में अब तक 57 सीएलजी कम्युनिटी लाइजन ग्रुप एवं जनसहभागिता बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। इनमें से 13 बैठकों की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा स्वयं की गई। इस अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस थाना चाकसू में स्कूली विद्यार्थियों का थाने का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, अनुशासन, जनसेवा और पुलिस की जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। महेश नगर थाने में स्थानीय एनजीओ प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस की कार्यप्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था, प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया, आपातकालीन सहायता और नागरिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान लोगों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने और साइबर सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई। जयपुर दक्षिण जिले के विभिन्न थानों में सीएलजी बैठके आयोजित कर स्थानीय समस्याओं और जनसुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। डीसीपी कार्यालय स्तर पर आयोजित बैठक में सीएलजी और युवा सीएलजी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। अशोक नगर थाना क्षेत्र में एसीपी अशोक नगर, थानाधिकारी अशोक नगर, विधायकपुरी और ज्योति नगर थाना अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। चाकसू थाना क्षेत्र में एसीपी चाकसू और चाकसू, शिवदासपुरा एवं कोटखावदा थानाधिकारियों की मौजूदगी में जनसंवाद किया गया। मानसरोवर और शिप्रापथ थाना क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे शिमशन जनजाग्रतिश् अभियान की जानकारी दी गई।

## 901 युवाओं को बनाया युवा सीएलजी सदस्य

**पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के तहत युवाओं को पुलिस सहयोग और स्थानीय समस्याओं के समाधान से जोड़ने के लिए युवा सीएलजी का गठन किया जा रहा है। जयपुर दक्षिण जिले में अब तक 901 युवाओं को युवा सीएलजी सदस्य बनाया जा चुका है।**




# प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं एवं 10वीं हेतु आयोजित फोर्टनाइटली टेस्ट, एसटीएसई तथा करेंट अफेयर्स कॉम्पिटिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 158 मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रोपर स्ट्रेटजी एवं स्ट्रोंग डिटरमिनेशन के साथ एग्जिक्यूशन ही सफलता का मूलमंत्र है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल पूनम चौहान, कोऑर्डिनेटर दिनेश शर्मा सहित समस्त फैकल्टी मेंबर्स एवं हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पेड़ के बिना जीवन अधूरा है



निलेश मुद्गल

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** आबूसर के पशु चिकित्सालय में पर्यावरण विषय को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप निदेशक डॉ जयपाल सिंह फौगाट थे। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा, समाजसेवी सत्य वीर पूनिया, अनिल बाड़ेतिया पशुधन प्रसार अधिकारी, रोहिताश कुमार वरिष्ठ पशुधन प्रसार अधिकारी, दीपचंद पशु धन निरीक्षक, मंजू कुमारी एवं सुभाष पशु परिचर, संग्राम सिंह स्टेट हेड मैनकाइंड फार्मा कंपनी, वार्निश स्टेट हेड मैनकाइंड फार्मा कंपनी, शंभू एरिया मैनेजर, मनवीर सिंह वेटरिनरी हेल्थ ऑफिस आबूसर थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ जयपाल सिंह ने बताया कि पेड़ ही जीवन है, पेड़ के बिना जीवन अधूरा है प्रकृति को बचाना है तो हमे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होगे ।बताया कि आज के दौर को देखते हुए युवा पीढ़ी नशे की ओर ज्यादा आकर्षित हो रही है। इसलिए नशे को छोड़कर अच्छे कार्यों में मन लगाना चाहिए और प्रकृति से साथ जुड़े रहना चाहिए। इस अवसर पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ने विचार प्रकट करते हुए बताया कि पेड़ की रक्षा करना हम सब का कर्त्तव्य है आज के दौर को देखते हुए मनुष्य व पशु पक्षी का जीवन खतरे में है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ने पशु चिकित्सालय में पांच पौधे भेट किए । अंत में उपनिदेश डॉ जयपाल सिंह और पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा के सानिध्य में पशु चिकित्सालय समस्त स्टॉफ ने मिलकर पौधरोपण किया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष रीटा चौधरी का किया स्वागत

## बोली- निकाय और पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ेंगे, एकजुट होकर काम करने से संगठन मजबूत होगा

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** नवलगढ़ में शुक्रवार को झुंझुनूं कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं मंडावा विधायक रीटा चौधरी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलदेव सैनी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने रीटा चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रीटा चौधरी ने कहा कि झुंझुनूं कांग्रेस का मजबूत जिला है और आने वाले चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि निकाय और पंचायत चुनाव मजबूती के साथ लड़े जाएंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता पानी, बिजली, सड़क और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश और जिले में भ्रष्टाचार बढ़ा है। रीटा चौधरी ने कहा कि भाजपा चुनाव कराने के पक्ष में नहीं है। चुनाव को लेकर स्थिति जल्द स्पष्ट होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी मिलकर चलेंगे तो संगठन को मजबूती मिलेगी और चुनाव में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलदेव सैनी, पार्षद महेंद्र सैनी, अदनान खत्री, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, पार्षद लोकेश जांगिड़, आरिफ चौहान, पूर्व पार्षद रफीक लंगा, विकेश रॉयल, कन्हैयालाल, राजेंद्र भास्कर और शहजाद चोपदार सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुगाला में 29 अगस्त से शुरू होगी भागवत कथा

**बुगाला ( नवयत्न )।** मुख्य बाजार स्थित सिंघानिया धर्मशाला में 29 अगस्त से श्रीमद्भागवत कथा शुरू होगी। कथा के शुभारंभ पर सुबह सवा 9 बजे ठाकुरजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। मंदिर पुजारी ओमदास ने बताया कि कथावाचन नेछवा के पंडित राजेंद्र शास्त्री करेंगे। इस मौके पर गांव की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बुगाला गांव के ही विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें विद्यार्थी ने किसी भी स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण की हो, वह सम्मान के लिए पात्र होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को अपनी अंकतालिका की फोटोकॉपी 20 अगस्त तक ठाकुरजी मंदिर में जमा करवानी होगी।

# युनूस खान हाशमखानी बने शहर अध्यक्ष

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम डी चोपदार ने सुजानगढ़ के होली धोरा निवासी युनूस खान हाशमखानी को सुजानगढ़ अल्पसख्ंयक विभाग कांग्रेस का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है। दूसरी ओर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाशखानी की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष चोपदार का आभार जताया है। युनूस खां हाशमखानी ने बताया कि संगठन की बेहतरी और मजबूती के लिए कार्य किया जायेगा। पूर्व सभापति हाजी सिकन्दर अली खिलजी, फारूक भूट्टा, बशीर फौजी, अली हसन काजी, सलीम बहलीम, हारून क्याल, इकबाल खां, आरिफ हाशमखानी, सिराज खान कायमखानी, बिलाल बिसायती, तनवीर, अनवर राइन, असगर राइन, राजा खान मोयल, अमजद खान, आसिफ चौहान, असलम मौलानी सहित अनेक लोगों ने युनूस खां हाशमखानी को शहर अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है।

## अस्थमा रोगियों के लिए वरदान से कम नहीं हैं ये योगासन और प्राणायाम सांसों की समस्या करते हैं दूर

तेजी से बढ़ते प्रदूषण की वजह से अस्थमा की समस्या बढ़ रही है। हवा से फैलने वाली एलर्जी, जैसे परागकण, धूल के कण, पालतू जानवरों की डेंड्रफ या क्रॉकरोच के मल से भी अस्थमा हो सकता है। अस्थमा में मरीज को सांस लेने में समस्या होने के साथ ही कमजोरी, छाती में दर्द और बुखार जैसी अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। प्रदूषण और स्मॉग की वजह से सांस लेने में होने वाली परेशानी से बचने के लिए आप कुछ योगासनों की मदद ले सकते हैं।





### भ्रामरी प्राणायाम

- सुखासन, अर्द्धपद्मासन या पद्मासन जैसे योगासन को करने के लिए सबसे पहले आरामदायक पोजिशन में बैठ जाएं।
- अपनी पीठ को सीधा करें और आंखों को बंद कर लें।
- हाथ के अंगूठे को कान के ऊपर रखें।
- फिर रिंग फिंगर को नाक के पास रखें, मिडल फिंगर को पलकों के ऊपर और इंडेक्स फिंगर को माथे पर रखें।
- अब गहरी सांस लें। सांस लेते समय का उच्चारण करें।
- इस प्रक्रिया के दौरान मुंह को बंद रखें और ध्वनि के कंपन को महसूस करें।

### सूर्य नाड़ी सोधन

- ये एक प्राचीन योग तकनीक है। इसका उपयोग सूर्य तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करने के लिए किया जाता है, ये हमारे पूरे शरीर में कार्य करता है।
- इस तकनीक के अभ्यास से हमारे शरीर के भीतर कार्य करने वाला पूरा सौर चैनल पुनर्जीवित होकर फिर से सक्रिय हो जाता है।
- इसे करने के लिए दंडासन में बैठें, पीठ को सीधा रखें और गहरी सांस लें।
- सुखासन की स्थिति में रहते हुए, अपने पैरों को मोड़ लें और दिमाग को अभ्यास के लिए तैयार करें।
- एक आरामदायक पोजिशन जैसे सुखासन, वज्रासन, अर्द्धपद्मासन, पद्मासन या सिद्धासन में बैठ जाएं।
- पीठ को सीधा करें और आंखों को बंद कर लें।
- अपनी हथेलियों को घुटनों के ऊपर की तरह रखें।
- अंगूठे से बाईं नासिका को बंद करें और दाईं नासिका से सांस लें, अब इंडेक्स या मिडल फिंगर से दाईं नासिका को बंद करें और बाईं से सांस छोड़ें।
- सीधी तरफ से सांस लेकर उसे बाईं से छोड़ते हुए इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं।

### चंद्र नाड़ी शोधन

- इस आसन का अभ्यास करने के लिए दंडासन में बैठें, पीठ को सीधा रखें और गहरी सांस लें।
- सुखासन में रहते हुए अपने पैरों को मोड़ें और दिमाग को शांत करें।
- आंखों को बंद कर लें। अपनी हथेलियों को अपने घुटनों पर ऊपर की तरफ रखें।
- दाईं ओर की नासिका को बंद करने के लिए अंगूठे का प्रयोग करें।
- अपने बाईं नासिका से सांस लें।
- अब इंडेक्स या मिडल फिंगर से बाईं नासिका को बंद करें और दाईं से सांस को छोड़ें।


### भस्त्रिका प्राणायम

- इसे करने के लिए किसी भी आरामदायक पोजीशन में बैठ जाए।
- पीठ को सीधा रखें।
- आखों को बंद कर लें।
- हथेलियों को घुटनों के ऊपर प्राप्ति मुद्रा में रखें।
- गहरी सांस लें और कुछ समय बाद इसे पूरी तरह से बाहर निकाल दें।
- सांस लेने और छोड़ने का अनुपात बराबर रखें।
- उदाहरण के लिए अगर आप छह गिनने तक सांस ले रहे हैं तो सांस छोड़ने तक भी छह गिनें।

### कपालभाति

- किसी भी एक आरामदायक स्थिति में बैठें।
- पीठ को सीधा रखते हुए आंखें बंद करें।
- हथेलियों को घुटनों पर प्राप्ति मुद्रा में रखें।
- सामान्य तरीके से सांस लें, छोटी और लयबद्ध सांस पर ध्यान लगाते हुए इसे छोड़ें।
- फेफड़ों से हवा को पूरी तरह से बाहर निकालने के लिए अपने पेट का दबाएं।

# कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने पर इन बीमारियों का बढ़ जाता है रिस्क



बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल की समस्या को आमतौर पर लोग काफी हल्के में लेते हैं, जबकि यह कई अन्य बीमारियों की वजह बन सकता है। कोलेस्ट्रॉल एक तरह का मोमी पदार्थ होता है, जो ब्लड में पाया जाता है और यह शरीर के लिए आवश्यक भी होता है। हालांकि, यह ध्यान रखने की जरूरत होती है कि शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल नहीं, बल्कि गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़नी चाहिए। लेकिन उम्र, वजन, खान-पान, जेनेटिक्स, दवाओं के सेवन या लाइफस्टाइल के कारण शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने लगती है। जिसके कारण व्यक्ति को अन्य भी कई तरह के रोग होने की संभावना बढ़ जाती है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ जाता है कोरोनरी हार्ट डिसीज का खतरा

अक्सर हम सभी ने यह सुना है कि हाई कोलेस्ट्रॉल आपके दिल के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। दरअसल, इससे कोरोनरी हार्ट डिसीज का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो सकती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कोलेस्ट्रॉल का अधिक स्तर होने पर वह आपकी धमनियों की दीवारों में जमा हो सकता है। समय के साथ, यह बिल्डअप धमनियों के सख्त होने का कारण बनता है। जिसके चलते धमनियां कुछ एरिया से संकीर्ण हो सकती हैं, जिससे हार्ट की मसल्स तक सही तरह से फ्लो नहीं हो पाता है। ब्लड फ्लो कम होने से सीने में दर्द हो सकता है या दिल का दौरा पड़ सकता है।



### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है स्ट्रोक का खतरा

हाई कोलेस्ट्रॉल होने पर स्ट्रोक का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। दरअसल, हाई कोलेस्ट्रॉल सिर्फ हार्ट तक ही नहीं, बल्कि मस्तिष्क तक जाने वाली धमनियों को भी ब्लॉक कर देती हैं। जब मस्तिष्क तक सही तरह से ब्लड फ्लो नहीं हो पाता है तो ऐसे में स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है। यह स्थिति यकीनन काफी घातक साबित हो सकती है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है किडनी फेलियर का खतरा

कभी-कभी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर किडनी पर भी उसका खतरा मंडराता है। किडनी(किडनी को सेहतमंद रखने के टिप्स)फेलियर के कई कारण हो सकते हैं और हाई कोलेस्ट्रॉल उनमें से एक मुख्य वजह है। दरअसल, कोलेस्ट्रॉल लेवल अधिक होने पर किडनी से जुड़ी ब्लड वेसल्स में प्लाक का निर्माण होता है। जिसके कारण वहां पर ब्लड की सप्लाई सही ढंग से नहीं हो पाती है और फिर किडनी पर इसका असर नजर आता है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है पेरिफेरल आर्टरी डिजीज का खतरा

पेरिफेरल आर्टरी डिजीज के बारे में बहुत से लोगों को जानकारी नहीं होती है, लेकिन यह भी आपके कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल से कनेक्टेड है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें प्लॉक के कारण धमनियां ब्लॉक होने लगती है। जिसके कारण शरीर में सही तरह से ब्लड का फ्लो नहीं हो पाता है। यह समस्या होने पर दिल का दौरा या स्ट्रोक होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल से बढ़ता है हाई ब्लड प्रेशर का खतरा

कोलेस्ट्रॉल का लेवल लगातार बढ़ा हुआ रहने पर आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत का भी सामना करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जब धमनियां संकरी हो जाती हैं, तो हार्ट के लिए अन्य बॉडी पार्ट्स में सही तरह से ब्लड सर्कुलेशन करना काफी मुश्किल हो जाता है। जिसके कारण आपके दिल को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है और इस स्थिति में ब्लड प्रेशर भी सामान्य से अधिक हो जाता है।

## शिलाजीत और शहद एक साथ खाने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

शिलाजीत और शहद का एक साथ सेवन शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से शरीर को ताकत मिलती है और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। पुरुषों को मर्दाना कमजोरी दूर करने के लिए भी शिलाजीत और शहद का सेवन करने की सलाह दी जाती है। शहद और शिलाजीत में मौजूद गुण कई बीमारियों में भी फायदेमंद माने जाते हैं। शिलाजीत में एक खास तरह की न्यूरोप्रोटेक्टिव क्वालिटी होती है, जिसका सेवन मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में बहुत फायदेमंद माना जाता है। वहीं शहद में कार्ब्स, फ्रक्टोज, विटामिन बी, विटामिन सी और अमीनो एसिड की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है, जो कई बीमारियों और समस्याओं में फायदेमंद होती है। शहद में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं जो शरीर को इन्फेक्शन आदि से बचाने में बहुत उपयोगी होते हैं। शिलाजीत और शहद का एक साथ सेवन करने से मिलने वाले फायदे इस तरह से हैं। शहद और शिलाजीत के मिश्रण को सेहत के लिए किसी औषधि से कम नही माना जाता है। शिलाजीत में खनिज, विटामिन और अन्य जरूरी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं, जो शरीर को कमजोरी की समस्या में बहुत फायदा देते हैं। शहद और शिलाजीत को एक साथ औषधि के रूप में भी खाया जाता है।



### शरीर की कमजोरी दूर करे

शिलाजीत और शहद का सेवन करने से आपको शारीरिक कमजोरी की समस्या में बहुत फायदा मिलता है। इन दोनों में मौजूद खनिज, विटामिन और मिनरल्स शरीर को ताकत देने का काम करते हैं। शिलाजीत और शहद एक साथ खाने से महिला और पुरुष दोनों को ही फायदा मिलता है।

### सर्दी-खांसी, इन्फेक्शन में फायदेमंद

शिलाजीत और शहद का एक साथ सेवन करने से सर्दी-खांसी और वायरल इन्फेक्शन की समस्या में बहुत फायदा मिलता है। शहद में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण शरीर को बीमारियों से बचाने का काम करते हैं। शिलाजीत और शहद एक साथ खाने से आपके शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ती है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

शिलाजीत और शहद का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने में मदद मिलती है। शिलाजीत में न्यूरोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं, जो मानसिक समस्याओं में बहुत उपयोगी होते हैं। शिलाजीत के साथ शहद का सेवन करने से आपका मानसिक स्वास्थ्य और मूड बेहतर होता है।

### इम्यूनिटी बढ़ाने में फायदेमंद

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए शिलाजीत और शहद का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। शहद और शिलाजीत में एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। इसमें मौजूद विटामिन की पर्याप्त मात्रा इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में फायदेमंद होता है।

### कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करे

शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल करने में भी शिलाजीत का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। शिलाजीत को लेकर चूहों पर किये गए एक शोध में भी यह कहा गया है कि शिलाजीत में मौजूद गुण शरीर में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने का काम करते हैं। शिलाजीत के साथ शहद खाने से शरीर में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बहुत फायदा मिलता है।

## नींबू के पत्ते उबालकर पीने से सेहत को मिलेंगे ये फायदे

नींबू का प्रयोग और सेवन हम सभी कई तरह से करते हैं। यह हमारे खानपान का एक अहम हिस्सा है। अपने भोजन और पकवानों में एक खट्टा स्वाद जोड़ने के लिए हम सभी नींबू का प्रयोग करते हैं, वहीं नींबू का रस या नींबू पानी हम सभी के पसंदीदा ड्रिंक्स में से एक है। वहीं हम में से ज्यादातर लोगों की हर्बल चाय का यह एक अहम हिस्सा है। यह हमारे व्यंजनों का स्वाद तो बढ़ाते ही हैं, साथ ही सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, सिर्फ नींबू ही नहीं, बल्कि इसके पत्ते भी सेहत के लिए बुहत लाभकारी होती हैं? नींबू के पत्तों में कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं, साथ ही यह कई जरूरी पोषक तत्वों का भी एक बेहतरीन स्रोत हैं। यह विटामिन ए, बी1, सी, एंटीऑक्सिडेंट्स, साइट्रिक एसिड, फ्लेवोनॉयड्स, आयरन, फॉस्फोरस आदि से भरपूर होती हैं, जो आपको न सिर्फ सेहतमंद बनाए रखने के साथ ही गंभीर रोगों को भी आपसे दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह आपकी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकती है। नींबू की पत्तियों के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए आप इन्हें पानी में उबालकर, छानकर इस पानी का सेव कर सकते हैं। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से आपको गजब के फायदे मिलेंगे।



**सिरदर्द में पहुंचाए राहत :** सिरदर्द की समस्या, खासर माइग्रेन सिरदर्द से राहत प्रदान करने में नींबू के पत्तों अर्क या पीनी बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद करते हैं, जिससे माइग्रेन सिरदर्द की स्थिति में सुधार होता है।

**नर्वसनेस को करे दूर :** एनसीबीआई (नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन) में प्रकाशित एक शोध के अनुसार नींबू की पत्तियों का प्रयोग अरोमाथेरेपी के तौर पर करने पर लोगों में चिंता को कम करने में मदद मिलती है। चिंता के कारण ही व्यक्ति को घबराहट महसूस होती है, और वह नर्वस महसूस करता है। नींबू की पत्तियों का पानी पीने से यह समस्या दूर हो सकती है।

**तनाव दूर करने में लाभकारी :** नींबू के पत्तों का पानी पीने से मानसिक स्वास्थ मजबूत होता है। इमें तनाव-विरोधी प्रभाव होते हैं, जो तनाव कम करने और उससे छुटकारा दिलाने मं मदद करते हैं।

**अनिद्रा की समस्या करे दूर :** चिंता, तनाव जैसी समस्याएं दूर कर नींबू की पत्तियों का पानी आपको नींद न आने की समस्या, बेचैन नींद, नींद के दौरान बार-बार आंख खुलने आदि से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। यह आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है और आपको एक अच्छी नींद लेने में मदद करता है।

**किडनी स्टोन से होता है बचाव :** नींबू के पत्तों के अर्क में मौजूद साइट्रिक एसिड गुर्दे में पथरी के निर्माण को रोकता है, साथ स्टोन के आकार को भी बढ़ने नहीं देता है। इसलिए किडिनी स्टोन से बचाव और इसके जोखिम को कम करने में भी नींबू के पत्तों का पानी बहुत लाभकारी है।

## क्या आपका बच्चा भी है मूडी? इन तरीकों से करें ऐसे बच्चों को डील

किसी बात के लिए नाराजगी दिखाना या किसी बात पर गुस्सा करना एक अभिव्यक्ति है, जो व्यक्ति के द्वारा तब की जाती है जब उसके अनुसार कुछ कार्य नहीं हो रहा हो। यह अभिव्यक्ति बड़ा हो या बच्चा कोई भी दे सकता है। लेकिन छोटी-छोटी बातों पर नाराज रहना, गुस्सा व्यक्त करना, यदि बच्चे के व्यवहार का हिस्सा बनता जा रहा है, तब ऐसे में ये आपके लिए चिंता का विषय हो सकता है।

बच्चा खेलता-कूदता हो या छोटी-छोटी शरारतें करता हो, इन सबको देखकर माता-पिता को अच्छा महसूस होता है। लेकिन अगर बच्चा खेल-कूद की उम्र में गुस्सा करना शुरू कर दे और बात-बात पर मुंह फुला कर बैठे रहे, तो यह व्यवहार माता-पिता के लिए चिंता का कारण बन जाता है। बहुत सारे माता-पिता उम्र के साथ अपने बच्चे के व्यवहार में जब बदलाव देखते हैं तब वो चिन्तित रहने लगते हैं। लेकिन इस दौरान आपको शांत रहते हुए अपने बच्चे के बर्ताव को अच्छी तरह समझकर उसे ठीक करने की कोशिश करनी होगी। आगे हमारे द्वारा कुछ टिप्स बताए गए हैं जिनसे आप अपने बच्चे के चिड़चिड़ेपन को दूर कर सकती हैं।

**बच्चे के साथ समय बिताएं :** माता पिता बच्चे की अच्छी तरह से देखभाल करने पर उनके स्वभाव का पता लगा सकते हैं। अपने बच्चे के पालन-पोषण में आप उनको ज्यादा समय दें। क्योंकि माता-पिता के साथ समय बिताना बच्चों को खुश करता है। जब आप अपने बच्चे के साथ समय बिताते हैं तो आप उनकी समस्याओं को आसानी से समझ पाते हैं।



**अपने बच्चे को डायरी लिखने के लिए कहें :** जिन बच्चों को अपनी समस्याओं के बारे में बात करने में डर लगता है, वे उन्हें लिखकर अच्छा महसूस कर सकते हैं। इसलिए अपने रोते हुए बच्चे को एक डायरी रखने के लिए कहें क्योंकि इससे उन्हें तनाव से उभरने में मदद मिलेगी।

**घर में बच्चे को सुरक्षित और खुशनुमा माहौल दें :** घर में ऐसा माहौल बनाए रखें जहां बच्चे स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से खुद को व्यक्त कर सकें। इसलिए घर में एक खुशी से भरपूर व सुरक्षित माहौल बनाए रखने का प्रयास करें। जब आप अपने बच्चे को निराश देखते हैं या उनका मूड उदास होता है, तो उसे खुश करने का प्रयास करें।

**तनाव को कम से कम रखने की कोशिश करें :** सबसे पहले यह पता लगाएं कि आपका बच्चा किसी भी तनाव में तो नहीं है। बच्चे की पढ़ाई और खेलने के समय को तय करें। इसके अलावा बच्चे पर ज्यादा गुस्सा नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से उनके ऊपर तनाव बढ़ सकता है। साथ ही अपने बच्चे की तुलना दूसरो के बच्चों से नहीं करनी चाहिए।

**प्रतिक्रिया करने से बचें :** जब भी आपका बच्चा कोई गलती करता है या फिर परेशान करता है तो अपने बच्चे के प्रति अधिक कठोर व्यवहार नहीं करना चाहिए। यदि आप देखते हैं कि वह बिना किसी कारण के नाराज हो रहा है, तो उन्हें अनदेखा कर ज्यादा प्रतिक्रिया (ओवर रिएक्ट) ना दें।

## क्या ठंडा मौसम थायराइड रोगियों की परेशानियां बढ़ा सकता है? इसके ये जरूरी टिप्स


थायराइड हार्मोनल असंतुलन से जुड़ी एक आम समस्या है, जो लोगों में बहुत आम होती जा रही है। यह समस्या हमारी खराब जीवनशैली के कारण पैदा होती है, साथ ही पुरुष और महिलाओं दोनों को हो सकती है। हालांकि महिलाओं में इसके मामले अधिक देखने को मिलते हैं। जैसे जैसे मौसम ठंडा होने लगता है या सर्दियों के दौरान कई स्वास्थ्य समस्याओं को जोखिम तो बढ़ जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं इस दौरान कुछ बीमारियों के लक्षण भी बदतर हो सकते हैं, जिनमें से एक है थायराइड या हाइपोथायराइडिज्म।

**क्या ठंडे मौसम में थायराइड फंक्शन प्रभावित होता है :** यह सही है कि ठंड का मौसम थायराइड रोगियों के लिए जटिलताओं से भरा हो सकता है। इस दौरान थायराइड रोगियों के लक्षण गंभीर हो सकते हैं और उनकी परेशानियां बढञ सकती हैं। क्योंकि जब मौसम का तापमान गिरता है, तो यह आपकी थायराइड ग्रंथि के कामकाज को प्रभावित करता है और हार्मोनल असंतुलन का कारण बनता है। जिसमें सबसे ज्यादा प्रभावित होता है आपको मेटाबॉलिज्म, जो कि हार्मोन्स के संतुलन के लिए बहुत जरूरी है। ठंड के मौसम में मेटाबोलिज्म धीमा हो जाता है। जिससे थायराइड रोगी ठंड के मौसम के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।

इसके अलावा सर्दियों के मौसम में लोगों में टीएसएच का स्तर अधिक देखने को मिलता है, जो कि इस बात का संकेत देता है कि आपकी थायरॉयड ग्रंथि शरीर में हार्मोन्स की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है। सिर्फ थायराइड रोगियों में ही नहीं, ठंड के मौसम टीएसएच का स्तर सामान्य लोगों में भी बढ़ जाता है। इसके थायरॉइड से जुड़ी कुछ आम समस्याएं जैसे डिप्रेशन, चिंता, बदतर हो सकती हैं। इसलिए इस दौरान थायराइड रोगियों को अपना अधिक ख्याल रखने की जरूरत होती है।

**अनहेल्दी फूड्स का सेवन कम करें :** सर्दियों में लोग खुद को गर्म रखने के लिए कॉफी, हॉट चॉकलेट आदि का सेवन अधिक करते हैं। साथ इन दिनों लोगों में जंक और प्रोसेस्ड फूड्स खाने की क्रेविंग भी बहुत होती है। लेकिन आपको इनसे सख्त परहेज करना चाहिए। क्योंकि इससे वजन बढ़ सकता है साथ ही हार्मोन्स को संतुलन भी प्रभावित होता है। इसके बजाए सब्जियों का सूप पिएं।

**स्वस्थ और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें :** इस दौरान अपनी डाइट में ऐसे फूड्स को शामिल करें, जो आपको गर्मी प्रदान करने के साथ ही पर्याप्त पोषण भी प्रदान करें। हरी-पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, नट्स और ड्राई फ्रूट्स, मीट, चिकन, मछली जैसी हेल्दी फैट्स से भरपूर फूड्स खाएं। यह थायराइड फंक्शन में सुधार करने में मदद करते हैं। साथ ही ध्यान रखें कि ज्यादा मसालेदार, नमक युक्त भोजन कम से कम करें।



**एक्सरसाइज के लिए समय जरूर निकालें :** नियमित एक्सरसाइज करने से न सिर्फ आप गर्म महसूस करेंगे, बल्कि इससे हार्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। इसलिए रोजाना कोशिश करें कि कम से 30 मिनट एक्सरसाइज, योग, पैदल चलना, दौड़ना जैसी सामान्य एक्सरसाइज जरूर करें। आप घर में रहकर रस्सी कूदना जैसे व्यायाम भी कर सकते हैं।

**जीवनशैली में सुधार करें :** शराब का सेवन कम से कम करें, साथ ही स्मोकिंग से परहेज करें, पान मसाला, तंबाकू आदि के सेवन से बचें। बहुत से लोग ठंड से बचने के लिए रम या विस्की पीते हैं, लेकिन यह आपकी हार्मोन्स के संतुलन में गड़बड़ का कारण बन सकता है। इसलिए इनसे परहेज करने में ही समझदारी है।

## आरयूआईडीपी संवाद 10 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार से स्वीकृत राजस्थान नगरीय आधारभूत ढांचा विकास परियोजना के पांचवें चरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने को लेकर 10 अगस्त को नगरपालिका सभागार, श्रीमाधोपुर में आरयूआईडीपी संवाद कार्यशाला आयोजित होगी। सुबह 10 बजे शुरू होने वाली कार्यशाला में शहर में प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों से सुझाव लिए जाएंगे। उपखंड अधिकारी अनिल कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार कार्यशाला में परियोजना के पांचवें चरण के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों, विशिष्ट नागरिकों, पत्रकारों, नागरिक समितियों के पदाधिकारियों और अन्य संबंधित लोगों से शहर की जरूरतों को लेकर सुझाव लिए जाएंगे। इन सुझावों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने में शामिल किया जा सकेगा। कार्यशाला में तहसीलदार, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम तथा जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के सहायक अभियंताओं को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्कूल जा रही छात्रा के निजी स्कूल की बस ने मारी टक्कर, मामला दर्ज

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में स्कूल जा रही 16 वर्षीय छात्रा के एक निजी स्कूल की बस ने टक्कर मार दी, जिससे छात्रा घायल हो गई। घटना को लेकर छात्रा के 42 वर्षीय पिता ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार ने शहर के वार्ड संख्या 43 स्थित शिवबाड़ी के पास रहने वाले 42 वर्षीय नेमीचंद ने रिपोर्ट दी है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री भूमिका राजकीय संचियालाल बैद बालिका स्कूल में अध्ययनरत है। पांच अगस्त की सुबह उसकी पुत्री स्कूल जा रही थी। इसी दौरान एक निजी स्कूल की बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जब स्कूल प्रशासन से बात की तो उन्होंने घटना से पल्ला झाड़ लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल प्यारेलाल कर रहे हैं।

## एक ही रात में दो नंद घरों में चोरी, बच्चों की पढ़ाई वाली एलईडी ले गए बदमाश




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** थाना क्षेत्र के हांसपुर में एक ही रात में दो नंद घर (आंगनबाड़ी केंद्र) चोरों के निशाने पर आ गए। अज्ञात बदमाशों ने मलजीवाली और स्वरूप सिंह वाली ढाणी स्थित नंद घरों के ताले तोड़कर बच्चों की डिजिटल पढ़ाई के लिए लगाई गई एलईडी चोरी कर ली। शुक्रवार सुबह एक राहगीर ने केंद्रों के ताले टूटे देखे तो वारदात का पता चला। राहगीर ने इसकी सूचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी। इसके बाद कार्यकर्ता संगीता सैनी और सुनीता सैनी मौके पर पहुंचीं। जांच करने पर मलजीवाली स्थित नंद घर के दो कमरों के ताले टूटे मिले जबकि स्वरूप सिंह वाली ढाणी स्थित केंद्र के एक कमरे का ताला टूटा हुआ था। दोनों केंद्रों से एलईडी गायब मिली। नंद घरों में छोटे बच्चों को खेल और मनोरंजक गतिविधियों के साथ डिजिटल माध्यम से शुरुआती शिक्षा देने के लिए एलईडी लगाई गई थी। दोनों केंद्रों से एलईडी चोरी होने के कारण बच्चों की डिजिटल गतिविधियां प्रभावित होंगी। मामले में पुलिस को चोरी की शिकायत दी गई है।

## अधिकारी नहीं मिले, तो ज्ञापन दीवार पर चस्पा किया



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं. 5 के लोगों ने कॉमरेड जगदीश नाथ के नेतृत्व में नगरपरिषद कार्यालय पर प्रदर्शन कर सांकेतिक धरना दिया और नारेबाजी की। सांकेतिक धरने के बाद भी जब कोई ज्ञापन लेने नहीं आया तो प्रदर्शनकारी नगरपरिषद में चल रहे फोलो अप कैंप के सभागार में बैठ गए। फिर भी किसी अधिकारी के शिविर में मौजूद नहीं मिलने के कारण आक्रोशित लोगों ने ज्ञापन नगरपरिषद हॉल के गेट के बाहर चस्पा कर दिया। कॉमरेड जगदीश नाथ ने बताया कि वार्ड सं. 05 मोहल्ला दीप बाल मंदिर वाली स्कूल के आसे पासे की गलियों व चौराहे पर कचरे की ढ़ेरियां लगी हैं, जिसके कारण सफाई व्यवस्था चौपट हो रखी है। इसलिए जल्द से जल्द इन मोहल्लों में सफाई करवाई जावे। वहीं लोगों ने बताया कि नगरपरिषद द्वारा चलाये जा रहे ऑटो टीपर जनता को शहर में नजर ही नहीं आते, तो क्या अंतरिक्ष में ऑटो टीपर चलाए जा रहे हैं, जो जनता को दिखते नहीं हैं। जगदीश नाथ ने कहा है कि जल्द से जल्द सभी संसाधन कर्मचारियों को उपलब्ध करवाकर शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जावे। इस दौरान जगदीश माली, गिरधारी खीचड़, नारायण, देवराज, भागीरथ, रतनलाल, लालचंद, गौतम, संजयनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

## कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ

**सिंघाना ( नवयत्न )।** संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में आयोजित कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ शुक्रवार को गाडाखेड़ा पंचायत से लोकसभा यात्रा प्रभारी सुभाष पूनियां, महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत, यात्रा जिला सह संयोजक सुरेन्द्र भाटिया व यात्रा जिला सदस्य वर्षा सोमरा ने किया। कार्यक्रम के दौरान गाडाखेड़ा आश्रम के महंत अनिलदास महाराज का स्वागत किया गया। यात्रा गाडाखेड़ा से शुरू होकर भैसावता खुर्द, मोई सद्दा, सिंघाना, पचेरी खुर्द, पचेरी कलां, बुहाना, भिर्र, बडबर होते हुए सांय 4 बजे सूरजगढ़ पहुंचेगी जहां पर यात्रा का विधिवत समापन किया जायेगा।

# गुर्जरवास में बनेगा 33/11 केवी जीएसएस, तीन हजार 500 उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

# 4.23 करोड़ रुपए की लागत से नया जीएसएस बनाया जाएगा, कल होगा भूमि पूजन

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )** बिजली की बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान सिंघाना क्षेत्र के गुर्जरवास और आसपास के लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) की ओर से नगरपालिका क्षेत्र सिंघाना के गुर्जरवास में 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) का निर्माण कराया जाएगा। इससे क्षेत्र के करीब तीन हजार 500 बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। फिलहाल गुर्जरवास और आसपास के क्षेत्रों में 33 केवी देवीपुरा फीडर से बिजली सप्लाई की जा रही है। इस फीडर पर अधिक भार होने के कारण आए दिन ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्या रहती है। इसके चलते लोगों को लो-वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों के अनुसार नए जीएसएस से मौजूदा फीडर का भार कम होगा। इससे बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या में कमी आएगी और उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

### 4.23 करोड़ रुपए होंगे खर्च

समस्या के स्थायी समाधान के लिए गुर्जरवास में करीब 4 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से नया जीएसएस बनाया जाएगा। इसमें 2 गुणा 3.15 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। जीएसएस शुरू होने के बाद रिको क्षेत्र, ढाणी बाईपास, गुर्जरवास ग्रामीण, भोदन, नया कुआं सहित आसपास के क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा।

### कल भूमि पूजन

गुर्जरवास 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार सुबह 11:15 बजे भूमि पूजन के साथ किया जाएगा। जीएसएस के निर्माण के बाद सिंघाना क्षेत्र के इन इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत आधार मिलने की उम्मीद है।

### ग्रामीण बोलें ...



बिजली की ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज से काफी परेशानी होती है। नया जीएसएस बनने से बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

**- सुमेर सिंह राठी, भोदन**



गर्मी के दिनों में बिजली व्यवस्था ज्यादा खराब हो जाती है। बार-बार फॉल्ट आने से घरेलू काम और खेती दोनों प्रभावित होते हैं। जीएसएस बनने का लंबे समय से इंतजार था।

**अशोक शर्मा, ग्रामीण**



देवीपुरा फीडर पर ज्यादा लोड होने के कारण आए दिन बिजली बंद हो जाती है। नया जीएसएस बनने से यह समस्या काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है।

**-ललीत जांगीड़, ग्रामीण**



गुर्जरवास में जीएसएस बनने से आसपास के कई गांवों और ढाणियों को फायदा मिलेगा। बिजली आपूर्ति बेहतर होने से आम लोगों के साथ दुकानदारों और किसानों को भी राहत मिलेगी।

**- नंदकिशौर**

## मोटर चलाने के लिए नहीं तेल, उल्लू बनाता पानी निकासी का खेल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में दिनभर रूक-रूक कर बारिश का सिलसिला चलता रहा और कई निचले क्षेत्रों में पानी भी भर गया। उधर बाजारों से पानी निकासी का मुख्य स्त्रोत गेनाणी पर स्थित पंप हाउस है, जहां पर दो मोटरें चलाकर पानी निकासी की जाती है। दूसरी ओर निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक द्वारा शुक्रवार की शाम को इस पंप हाउस का निरीक्षण करने पर बड़ी दु:खद और हैरान करने वाली बात सामने आई है। पारीक ने बताया कि जब मैं पंप हाउस में गया, तो एक मोटर मुझे बंद मिली, जिसके बारे में कर्मचारी से पूछने पर उसने बताया कि मेरे पास मोटर चलाने के लिए तेल नहीं है। पारीक ने बताया कि तेल के अभाव में एक मोटर को 10 दिनों से चलाया नहीं गया है। उधर बाजारों में पानी का ठहराव होता है, लोग परेशान होते हैं, लेकिन पंप अगर लगातार नहीं चलाये जा रहे हैं, तो यह अपने आप में एक अमावनीय हरकत है। क्योंकि सिंधी मंदिर के पिछे वाली रोड पर जलभराव के कारण हालात बदतर ही रहते हैं। सोचने वाली बात ये है कि नगरपरिषद के अधिकारी बंद कमरों से ही सारी मोनिटरिंग करेंगे, तो फील्ड में यही स्थिति रहनी है।

## बिरयानी के तेज पत्ते की तरह मुसलमानों को इस्तेमाल करती रही कांग्रेस : बाबू भाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस के पारंपरिक मुस्लिम वोट बैंक को लेकर एआईएमआईएम के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू भाई फ्रिज वाले ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लंबे समय तक मुस्लिम समाज के वोटों का इस्तेमाल सत्ता हासिल करने के लिए किया लेकिन सत्ता मिलने के बाद उनकी समस्याओं और राजनीतिक भागीदारी को नजरअंदाज किया। बाबू भाई ने कहा, कांग्रेस ने मुसलमानों को बिरयानी के तेज पत्ते की तरह इस्तेमाल किया। बिरयानी तैयार होने के बाद जैसे तेज पत्ता निकालकर फेंक दिया जाता है, वैसे ही सत्ता मिलने के बाद मुस्लिम समाज को किनारे कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज अब केवल परंपरागत राजनीति के आधार पर वोट नहीं करेगा, बल्कि सम्मान, अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर फैसला करेगा। उन्होंने दावा किया कि एआईएमआईएम 36 कौमों को साथ लेकर चलने और सभी वर्गों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की इच्छुक है।

### मुसीबत में मुस्लिम नेताओं की खामोशी पर सवाल

बाबू भाई ने कांग्रेस के मुस्लिम मंत्रियों और विधायकों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब मुस्लिम समाज के साथ कथित तौर पर नाइंसाफी होती है तो ये नेता खामोश क्यों रहते हैं ?

टिकट और पद मांगते समय मुस्लिम समाज याद आता है लेकिन संकट के समय खामोशी क्यों ? उन्होंने कहा, मुसलमान न कांग्रेस का गुलाम है और न मजबूर। अब राजस्थान में मुस्लिम समाज अपना राजनीतिक रास्ता खुद तय करेगा।





## कोचिंग संस्थान में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**तारानगर ( नवयत्न )।** तालुका विधिक सेवा समिति, तारानगर के निर्देशानुसार सूबेदार डिफेंस कोचिंग संस्थान में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोचिंग संचालक सूबेदार रामपत सिंह ने की। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के प्रति प्रेरित किया। साथ ही शिशु स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व तथा बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों से स्वच्छता बनाए रखने, घर एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों से बचाव के आवश्यक उपाय अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता संदेशों को अपने परिवार और समाज तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने जनजागरूकता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## अशफाक बगड़ बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला महासचिव

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार ने संगठन के विस्तार एवं मजबूती को लेकर नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसी क्रम में राजलदेसर निवासी मोहम्मद अशफाक बगड़ को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का चूरू जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। मोहम्मद अशफाक बगड़ लंबे समय से कांग्रेस संगठन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय तथा अल्पसंख्यक समाज के बीच उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी नेताओं का मानना है कि उनके अनुभव और कार्यशैली से चूरू जिले में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा अल्पसंख्यक विभाग की गतिविधियों का विस्तार होगा। नियुक्ति की घोषणा के बाद राजलदेसर, चूरू सहित आसपास के क्षेत्रों से कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने मोहम्मद अशफाक बगड़ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समर्थकों ने विश्वास जताया कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मोहम्मद अशफाक बगड़ ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका



निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना तथा समाज के सभी वर्गों के हितों की आवाज को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली जाएगी यात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रविवार 9 अगस्त को जयपुर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। अभियान के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ मिथिलेश गौतम ने बताया कि तिरंगा यात्रा प्रात: 9 बजे अल्बर्ट हॉल से प्रारंभ होकर बड़ी चौपड़ तक निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन सहभागिता करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ मिथिलेश गौतम ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना का प्रसार करना है। अभियान के तहत आमजन को घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल आमजन में राष्ट्र के प्रति भक्ति की भावना को बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## मिसिंग लिंक सड़कें मिलने पर जताया सरकार का आभार

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** हाल ही में राज्य सरकार द्वारा सुजानगढ़ क्षेत्र में मिसिंग लिंक सड़कें स्वीकृत की गई हैं। जिनको लेकर भाजपा नेता व निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, राज्य मंत्री मंजू बाघमार का आभार जताया है। भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने बताया कि 19 जून 2026 को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मिलकर उनको क्षेत्र की अनेक मिसिंग लिंक सड़कों की मांग से अवगत करवाया गया था। जिस पर अब ये सड़कें स्वीकृत हुई हैं। हाल ही में स्वीकृत की गई सड़कों में मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य जोगलसर से नोड़िया, मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य गेड़ाप से गोन्दूसर, जिली से कालका माता मंदिर, रामदेवजी मंदिर नया बास जैतासर ग्रेवल सड़क वाया देदारामजी की ढ़ाणी की ओर के नाम शामिल हैं। इन चारों कार्यों पर कुल 4 करोड़ 94 लाख रूपए खर्च होंगे। इसी प्रकार गोपालपुरा से बालेरा, ईयारा से पारेवड़ा तक सड़क के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 4 करोड़ 97 लाख रूप्ए खर्च होंगे। भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने कहा है कि सरकार लगातार हर क्षेत्र के विकास और ग्रामीण क्षेत्रों की अच्छी कनेक्टिविटी के लिए प्रयासरत है, जिसके लिए ग्रामीण जनता की ओर से मैं आभार प्रकट करती हूं।

## पेड़ जीवन का आधार तथा जीव मात्र के लिए जीवन दाता है : विश्नोई

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेघवालों की ढांणियां मैयासर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पीईईओ राजाराम बिश्नोई ने बच्चों को पेड़ों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पेड़ जीवन का आधार है तथा जीव मात्र के लिए जीवन दाता है। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के संरक्षक मोहनलाल पारख ने कहा कि पेड़ लगाना आसान है किंतु बड़े वृक्ष बनने तक इनकी सार संभाल करना बहुत ही जिम्मेदारी का काम होता है। केंद्र चेयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत ने बताया कि इस विद्यालय में 40 पौधे लगाए गए हैं जो भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर इस विद्यालय परिसर में छाया देंगे। नोडल प्रधानाचार्य रामलाल गोदारा ने बच्चों सहित उपस्थित सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं पेड़ों की देखभाल करने की शपथ दिलाई। शाला प्रधानाध्यापक रामचंद्र विश्नोई के नेतृत्व में बच्चों ने इन पेड़ों के देखभाल की जिम्मेदारी ली। अध्यापक रामलाल सियाग ने महावीर इंटरनेशनल संस्था का इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, ईश्वरचन्द दूगड़, रामेश्वरलाल छींपा, अनिल जैन, बाबूलाल कांकरिया, सुमन बिश्नोई, मोनिका सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## अवैध देशी पिस्टल के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन आग के तहत मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हथियार लेकर घूम रहा था। जयपुर पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन आग के तहत कार्रवाई करते हुए संदीप वैष्णव 23 निवासी केकड़ी जिला अजमेर हाल मुहाना मंडी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी मुकेश कुमार खारडिया ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है, और पूर्व में भी लूट तथा अवैध हथियारों से जुड़े करीब चार मामलों में जेल जा चुका है।


### नाम परिवर्तन

मैं आर्मी नम्बर 15684150H RANK EX. HAV. जाकिर हुसैन पठान पुत्र श्री रियासत अली जाति पठान निवासी बुडाना तहसील व जिला झुन्झुनू (राज.) मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम आर्यन (ARYAN) दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र का उसके सभी दस्तावेजों में सही नाम आर्यन पठान (ARYAN PATHAN) है।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE SIKAR**

e-mail: phedsikar@gmail.com, se.sik.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-त स/सीकर/2026-27/2663-77 दिनांक:- 31.07.2026

**E-NOTICE INVITING BID No. 09/2026-27**

Bid for 01 no. works of total Rs. 544.79 lacs in Sikar District are invited from interested bidders upto 06:00 PM on date 24.08.2026. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and http://www.eproc.rajasthan.gov.in.

| बिड संख्या | UBN No. |
| --- | --- |
| 09/2026-27 | PHE2627WLOB03356 |

Superintending Engineer,
PHED, Circle Sikar.

DIPR/C/13691/2026

## आंगनबाड़ी की व्यवस्था सुधारने के लिए एएमसी गठित

नंदलाल गौड़

**लोसल (नवयत्न)।** निकटवर्ती खूड़ में आंगनबाड़ी केंद्र पर शुक्रवार को प्रबंधन समिति का गठन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू देवी, सुमन देवी, कांता देवी और सुमित्रा देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए इस समिति का गठन किया गया है। ?इस नवगठित समिति में महिला सुपरवाइजर सुमित्रा चौधरी को अध्यक्ष और पूर्व सरपंच दुर्गा देवी को सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही समिति में प्रमिला, रेखा, कौशल्या, कोमल, सुमन, ममता शर्मा, रुचिका, संतोष, कोमल, सुमन और दीपिका सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में आंगनबाड़ी के कामकाज को बेहतर बनाना है। आयोजित बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि अब इस समिति के मार्गदर्शन में ही बच्चों को पोषाहार एवं दूध का वितरण किया जाएगा, जिससे व्यवस्था में और अधिक पारदर्शिता लाई जा सके।

## विश्व हथकरघा दिवस मनाया

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** महनसर में शुक्रवार को समाज कल्याण युवा जागृति संस्थान की ओर से विश्व हथकरघा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में हथकरघा बुनकरों की कला और देश की पारंपरिक विरासत को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। पर्यटक विशेषज्ञ राजेश शर्मा ने कहा कि विश्व हथकरघा दिवस देश के बुनकरों के हुनर को सम्मान देने और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बुनकरों के कौशल को प्रोत्साहित करने से स्थानीय कपड़ा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हथकरघा हमारी पारंपरिक कला के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्थानीय स्तर पर बनने वाले उत्पादों को बढ़ावा मिलने से कारीगरों को रोजगार के अवसर मिलते हैं। राजेश शर्मा ने कहा कि हथकरघा से दरी बनाना भी हाथ की बेहतरीन कारीगरी है। इस तरह के पारंपरिक काम को बढ़ावा देने से स्थानीय कला और उत्पादों को पहचान मिलती है। कार्यक्रम में रोहित, दिनेश, योगेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## ताशपत्ती का जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलने वाले लोगों पर कार्यवाही की है। संगठित अपराध की रोकथाम व संदिग्धों के विरूद्ध अवैध जुआ सट्टा कार्यवाही के तहत विशेष अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़ सतपालसिंह आरपीएस, सीओ दरजाराम आरपीएस के निकट सुपरविजन में सीआई मुकेशचन्द के निर्देशन में अलग-अलग टीमों का गठन कर इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। एएसआई श्रीनिवास कुमार की टीम को गस्त के दौरान मिली सूचना पर भारत हॉस्पीटल के सामने, बस स्टैण्ड पर ताश के पत्तों जुआ खेलते हुए मोतीराम निवासी खालियां, मनोज निवासी प्रगति नगर, विनोद व रामाकिशन निवासीगण वार्ड नं 60 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5150 रुपये व ताश पते जब्त किये गये। इसी प्रकार एएसआई तेजाराम की टीम को सूचना मिलने पर नगर परिषद कार्यालय के सामने सार्वजनिक स्थान पर सटटे की खाईवाली कर रुपयो का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए खुशी मोहम्मद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1010 रू बरामद किए गए हैं।

# मूसलाधार बारिश, दुकानों में घुसा पानी, मंदिरों सहित शहर में जलभराव

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शहर में गुरूवार रात पौने दस बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार सुबह 10 बजे तक भी जारी रहा। सुबह पौने 8 बजे से दस बजे तक 2 घंटे की मूसलाधार बारिश से शहर तरबतर हो गया। हांसपुर आंगनबाड़ी केंद्र के पास बरगद के पेड़ के नीचे बने शिव मंदिर में शिव पंचायत की मूर्तियां पानी में डूब गई जिससे शिव भक्तों में रोष है । विशाल सैनी ने बताया कि कई बार पहले भी प्रशासन को अवगत कराया गया था पर आज तक कोई समाधान नहीं हुआ और शुक्रवार सुबह 8 बजे आई मूसलाधार बारिश से पूरा चौक पानी से भर गया व भरभरा कर पड़ोसी शंभू दयाल सैनी के घर की दीवार तोड़कर वहां गड्ढा हो गया तथा मकान गिरने की संभावना हो गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन अभी भी नहीं चेता तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सैनी ने बताया कि बरसात का गंदा पानी मंदिर परिसर में शिव पंचायत की मूर्तियां में भर गया जिससे गंदे पानी को बाल्टियों की सहायता से बाहर निकाला और मंदिर परिसर को साफ किया। तहसील परिसर में स्थित वर्षा मापी यंत्र में गुरूवार रात को 8 एमएम और शुक्रवार सुबह 53 एमएम बारिश दर्ज की गई। यानि की कुल 61 एमएम बारिश हुई, जो इस मानूसन सीजन की पहली सर्वाधिक बारिश है। बारिश ने शहर की व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया। शहर के निचले इलाकों में जलभराव से लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ। पुराने बस स्टैंड की दुकानों में पानी घुस गया। एमजी कॉलेज मार्ग पर पानी भर जाने से छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खटोड़ा बाजार, स्वामी मोहल्ला के पास, खंडेला बाजार बारिश बहाव क्षेत्र, चोटिया मोहल्ला और गोशाला रोड पर सड़कें दरिया में तब्दील हो गई। खंडेला बाजार में तेज बहाव के कारण वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी।

### सीवरेज के गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

शहर में चल रहे सीवरेज कार्य के कारण हुए गड्ढों ने भी लोगो को परेशानी बढ़ाई। शहर के जीडीएमएल पटवारी गर्ल्स कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर पांच से छह फीट गहरा गड्ढा हो गया। एक दिन पहले ही यहां जलदाय विभाग की ओर से राइजिंग पाइप लाइन डाली गई थी लेकिन मिट्टी का भराव सही नहीं होने से बारिश से गहरा गड्ढा हो गया। ग्रामीण इलाकों में भी भारी बारिश हुई है। हांसपुर गांव के शिवालय में बारिश का पानी घुस गया। तेज बारिश से शिवालय की भगवान शिव पंचायत की मूर्तियां जलमग्न हो गई।



# ठरड़ा रोड पर जलभराव से लोग परेशान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय नाथोतालाब से ठरड़ा की ओर जाने वाली सड़क पर पानी भरा हुआ है लेकिन इस पानी की निकासी के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सुलभ शौचालय में जाने का रास्ता पूर्णतया बंद हो गया है लेकिन प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जाजोदिया स्कूल की तरफ जाने वाले बच्चों, कॉलेज की तरफ जाने वाली छात्राओं को दिक्कत होती है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि ठरड़ा में शिवालय है जहां सावन सोमवार के उपलक्ष में हजारों लोगों का जाना होता है। लेकिन मुख्य रास्ता होने के बावजूद यहां पानी भरा है और लोगों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी और वास्तु विशेषज्ञ संदीप नामदेव ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करवाये जाने की मांग की है।

## स्ट्रीट लाइट के पोल लगाने का काम शुरू, अंडरग्राउंड केबल की खुदाई पर सवाल

### 9 लाख के काम में 4 से 9 इंच गहरी खुदाई का आरोप, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष बोले- गुणवत्ता की जांच जरूरी

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** शहर में सौंदर्यीकरण और विकास के लिए नगरपालिका ने बाइपास से बस स्टैंड रोड पर गोशाला मार्ग मोड़ तक स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू किया है। करीब 9 लाख रुपए की लागत से 15 स्ट्रीट लाइट पोल और अंडरग्राउंड केबल डाली जानी है। हालांकि, अंडरग्राउंड केबल डालने के लिए की जा रही खुदाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व पालिका उपाध्यक्ष डूंगरमल सैनी ने आरोप लगाया कि केबल डालने के लिए जमीन में महज 4 से 9 इंच गहरी खुदाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे से दिनभर सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में इतनी कम गहराई में डाली गई केबल कभी भी ऊपर आ सकती है या क्षतिग्रस्त हो सकती है। इससे बार-बार बिजली फॉल्ट होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहेगा। उन्होंने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी से मौके पर पहुंचकर काम की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। सैनी ने कहा कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार काम किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच जरूरी है।



### 12.50 लाख का है सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट

नगरपालिका की ओर से शहीद मुश्ताक खान सर्किल से बस स्टैंड जाने वाले मार्ग के सौंदर्यीकरण पर कुल 12.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें करीब 9 लाख रुपए 15 स्ट्रीट लाइट और अंडरग्राउंड वायरिंग पर खर्च होंगे। वहीं करीब 3.50 लाख रुपए की लागत से सड़क के दोनों तरफ पार्किंग टाइल्स लगाने का काम भी किया जाएगा।

### एक तरफ सुरक्षित, दूसरी तरफ सड़क पर आ रहे पोल

स्ट्रीट लाइट पोल लगाने की जगह को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बाइपास से जांगिड़ भवन तक नाले की दक्षिण दिशा में पोल लगाए जा रहे हैं। इस हिस्से में पोल सड़क से पर्याप्त दूरी पर होने के कारण वाहनों को परेशानी नहीं होगी। वहीं जांगिड़ भवन से आगे गोशाला रोड मोड़ तक नाले की पूर्व दिशा में लगाए जा रहे पोल सड़क की ओर आने की बात कही जा रही है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो सकती है और हादसे का खतरा बढ़ सकता है। लोगों ने पोल की जगह का दोबारा निरीक्षण कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर लगाने की मांग की है।

## राजस्थान वाल्मीकि सफाईकर्मी यूनाइटेड फोरम ने किया प्रदर्शन

# स्वायत्त शासन मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** राजस्थान वाल्मीकि सफाईकर्मी यूनाइटेड फोरम के तत्वावधान में स्वायत्त शासन विभाग में सफाई कर्मचारी पद पर नियुक्ति नियमों में संशोधन कराने की प्रमुख मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। फोरम के संयोजक सुरेश जैदिया के नेतृत्व में समाज के लोग और महिलाएं हाथों में झाड़ू लेकर उपखंड कार्यालय, चिड़ावा के बाहर एकत्रित हुए।



प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया को स्वायत्त शासन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा संविदा (कंट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स नियम 2022) के तहत निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह अनुचित है। फोरम ने मांग की है कि इस संविदा भर्ती को तुरंत रद्द कर सीधी और नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि पारंपरिक रूप से इस कार्य से जुड़े योग्य सफाई कर्मियों को सीधा स्थायी रोजगार मिल सके। इसके साथ ही भर्ती में एक वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्र की अनिवार्य शर्त को भी हटाने की पुरजोर मांग उठाई गई क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की कोई व्यवस्था या निकाय नहीं होने के कारण वहां के बेरोजगार युवाओं के सामने मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। ज्ञापन देते समय संयोजक सुरेश जैदिया, दुर्गाराम, सुनील, गोपी वाल्मीकि, राकेश, विजय, लोकेश, रमेश, दीपक, सेवाराम, रवि, परमेश्वर, लक्ष्मण, मूलचंद, अनुराग, राजेश, राजू, नेतराम, नरेंद्र, केदारमल, दिलीप, दयाशंकर कांगड़ा, अजय जेदिया, विकास, सन्तोष, पवन, संजय, विक्की, मनोज, विक्रम, बबली देवी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# ऑटो चलाते हैं, लेकिन जुनून पेड़-पौधों से, 6 साल में रेलवे स्टेशन पर लगाए 500 पौधे

### बिसाऊ के जयप्रकाश रोज सुबह 2 घंटे करते हैं पौधों की देखभाल, रेलवे के ट्यूबवेल से देते हैं पानी

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** पर्यावरण संरक्षण के लिए लोग अलग-अलग तरीके से योगदान देते हैं, लेकिन बिसाऊ के ऑटो चालक जयप्रकाश स्वामी ने पेड़-पौधों की सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। पिछले करीब छह साल से वे बिसाऊ रेलवे स्टेशन परिसर को हरा-भरा बनाने में जुटे हैं। अब तक वे स्टेशन परिसर और उसके आसपास करीब 500 पेड़-पौधे लगा चुके हैं। जयप्रकाश ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 की चारदीवारी के पास 300 से अधिक पौधे लगाए हैं। इसके अलावा स्टेशन के सामने खाली पड़ी जमीन पर भी 150 से अधिक पेड़-पौधे लगाए हैं। इनमें छायादार और फलदार दोनों तरह के पौधे शामिल हैं।

### रोज सुबह 7 बजे पहुंचते हैं स्टेशन

जयप्रकाश का पेड़-पौधों के प्रति जुनून ऐसा है कि वे रोज सुबह करीब 7 बजे अपना ऑटो लेकर रेलवे स्टेशन पहुंच जाते हैं। इसके बाद करीब दो घंटे पौधों की देखभाल में बिताते हैं। वे पौधों की निराई-गुड़ाई करते हैं, बड़े हो रहे पेड़ों की बढ़त को व्यवस्थित करते हैं और छोटे पौधों की विशेष देखभाल करते हैं। पौधों को पानी देने के लिए वे रेलवे के ट्यूबवेल का पानी इस्तेमाल करते हैं।

### कई पौधे अब बन रहे पेड़

जयप्रकाश द्वारा लगाए गए कई पौधे अब पेड़ का रूप लेने लगे हैं। कुछ पौधे 5 से 6 फीट तक ऊंचे हो चुके हैं। इन पौधों की देखभाल के लिए वे किसी से मेहनताना नहीं लेते। इनमें से कई पौधे आमजन के सहयोग से मिले हैं, जबकि कुछ पौधे जयप्रकाश खुद अलग-अलग जगहों से लाकर लगाते हैं।

### पुल निर्माण के कारण पौधों की चिंता

जयप्रकाश को सबसे ज्यादा चिंता उन पौधों की है, जो उन्होंने रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर लगाए हैं। रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जाने वाले पुल के निर्माण के दौरान इन पौधों को हटाए जाने की आशंका है। इसी आशंका को देखते हुए जयप्रकाश ने करीब 150 पेड़-पौधों को वहां से निकालकर स्टेशन के बाहर दूसरी जगह लगा दिया है। हालांकि अभी भी करीब 150 पेड़ों को लेकर उन्हें चिंता है कि निर्माण कार्य के दौरान उनका क्या होगा।



### 2019 से लगातार कर रहे हैं देखभाल

जयप्रकाश वर्ष 2019 से लगातार रेलवे स्टेशन पर पेड़-पौधों की निशुल्क देखभाल कर रहे हैं। रोजाना दो घंटे का समय पौधों को देना अब उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। वे कहते हैं कि पेड़ लगाने के साथ उनकी देखभाल करना भी उतना ही जरूरी है। पौधा लगाकर उसे छोड़ देने से पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं होता।

### बोले- पेड़ और पक्षियों की सेवा जरूरी

जयप्रकाश ने आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों और पक्षियों की सेवा करना जरूरी है। यह काम धर्म और अध्यात्म से भी जुड़ा हुआ है। उनका कहना है कि यदि हर व्यक्ति अपने आसपास एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी ले और उसे पेड़ बनने तक संभाले, तो पर्यावरण को बचाने में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान : आईजी केबी वंदना ने छात्राओं को बताए अधिकार और आत्मरक्षा के गुर



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस की ओर से संचालित महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत जयपुर ग्रामीण जिले के चंदवाजी थाना क्षेत्र स्थित निम्स विश्वविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय संवाद एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान पुलिस की महानिरीक्षक अपराध शाखा आईपीएस केण्बीण् वंदना रहीं, जबकि कार्यक्रम का नेतृत्व जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आईपीएस हनुमान प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम में आईजी केबी वंदना और पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को महिला अपराधों की रोकथाम, कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने ऑपरेशन गरिमा, पोक्सो अधिनियम, गुड टच-बैड टच सहित महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को आपातकालीन सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने 112 आपातकालीन सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन, 181 राजस्थान संपर्क, 1930 साइबर हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में महिला आत्मरक्षा पुलिस मास्टर ट्रेनर्स ने छात्राओं और महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने के लिए आत्मरक्षा के व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए। साथ ही प्रतिभागियों के मोबाइल में श्राजकॉप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाकर पुलिस सहायता प्रणाली के उपयोग की जानकारी दी गई। समारोह में नुक्कड़ नाटक टीमों ने प्रभावी प्रस्तुतियां देकर सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़, स्टॉकिंग और अन्य महिला अपराधों की रोकथाम का संदेश दिया। नाटकों के माध्यम से महिलाओं को किसी भी अप्रिय स्थिति में बिना डरे तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन चंदवाजी थानाधिकारी राजबीर सिंह और उनकी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध शाखा शीला फोगावट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सैल बृजमोहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह और वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ रामकिशन विश्नोई सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला वॉलिंटियर्स, सुरक्षा सखी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीएलजी सदस्य, कालिका यूनिट के सदस्य और निम्स विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला सुरक्षा संकल्प अभियान का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं में सुरक्षा का भाव मजबूत करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा पुलिस एवं समाज के बीच सहयोग और विश्वास को सुदृढ़ करना है।

## साहसिक साइकिल यात्रा कल

तारानगर (नवयत्न)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, तारानगर के तत्वावधान में 9 अगस्त रविवार को साहसिक साइकिल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। संघ के विजयसिंह ने बताया कि यात्रा सुबह 6 बजे जांगिड़ धर्मशाला से प्रारंभ होकर श्याम पांडिया धाम पहुँचेगी। यात्रा में नगर के युवा स्वयंसेवक भाग लेंगे। धाम पर देव दर्शन के साथ वन भ्रमण का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। यात्रा का उद्देश्य युवाओं में साहस, अनुशासन, स्वास्थ्य जागरूकता, प्रकृति प्रेम एवं संगठनात्मक भावना का विकास करना है। संघ के पदाधिकारियों ने सभी युवा स्वयंसेवकों से समय पर उपस्थित होकर यात्रा में सहभागिता का आह्वान किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190